तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.5 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 25 मई 2025



11 तमाम उपाय के बाद भी नहीं थम रही सड़क दुर्घटना ...





12 मोबाइल एप पर अपना चेहरा दिखाते ही हो ...




# राजधानी में कोरोना की दस्तक, सर्दी-खांसी के पीड़ित की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव, निजी अस्पताल में आइसोलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

विभिन्न राज्यों में कोरोना के मामलों की तेजी से बढ़ोतरी के बीच राजधानी रायपुर में भी संक्रमण ने दस्तक दी है। सर्दी-खांसी की शिकायत वाले व्यक्ति की निजी अस्पताल में जांच हुई और उसे पॉजिटिव पाया गया। मरीज की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है, इसलिए संक्रमण को मौसमी उतार चढ़ाव माना जा रहा है। इस मामले के बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला सक्रिय हो गया और तमाम जिलों को इंफ्लूएंजा के मामलों में विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

## स्वास्थ्य विभाग हुआ सक्रिय, इंफ्लुएंजा के मामलों में विशेष निगरानी के निर्देश

**खास बातें**

- वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए तैयारियों की समीक्षा
- राज्य के स्वास्थ्य विभाग की सभी तैयारियां पूरी



**विभागीय समीक्षा भी हुई**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड के मामलों को देखते हुए वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए तैयारियों की समीक्षा की गई है। जिले के अधिकारियों को अस्पतालों में आने वाले सर्दी खांसी, बुखार अथवा गले में खराश वाले मरीजों की समुचित देखभाल की करने कहा गया है। हाल ही में भारत सरकार के डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेस की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये बात सामने आई है कि देश में कोविड-19 की स्थिति पूरी तरह से अंडर कंट्रोल है। रिपोर्ट के अनुसार अभी तक जितने भी केसेस आए हैं, वो माइल्ड हैं, जिसमें अस्पताल में भर्ती होना जरूरी नहीं है। इसीलिए यहां भी इस मामले में घबराने की आवश्यकता नहीं है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग की की सभी तैयारियां पूरी हैं, कोविड संक्रमितों के इलाज के लिये बेड और दवाइयां पर्याप्त हैं।

### लक्षण के आधार पर कोविड टेस्ट

महाराष्ट्र, ओडिशा सहित विभिन्न राज्यों में कोरोना के मामले तेजी से बढ़े हैं, जिसके बाद प्रदेश में भी कोविड की महामारी को लेकर एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसी बीच पचपेढ़ी नाका में रहने वाला एक मरीज सर्दी-खांसी के ठीक नहीं होने पर नियमित जांच के लिए लालपुर के निजी अस्पताल गया था। लक्षण के आधार पर उसका कोविड टेस्ट किया गया, जो पॉजिटिव निकला। इसके बाद मरीज को निजी अस्पताल में आइसोलेट किया गया है और विभाग को इससे सूचित कराया गया है। आईडीएसपी के प्रभारी डा. खेमराज सोनवानी ने बताया कि परिवार के अन्य सदस्यों में किसी तरह के लक्षण नहीं हैं और संक्रमित के किसी ट्रैवल हिस्ट्री का भी पता नहीं चला है। उनका कहना है कि मौसमी उतार-चढ़ाव की वजह और रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो गई होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोविड का एक्टिव केस एक ही है।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में धावा कैश-जेवर किए पार

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी 10 हजार रुपए सहित 50 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है। मांढर निवासी गोपाल सिंह ठाकुर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गोपाल ने पुलिस को बताया है कि वह अपने मकान का रिपेयरिंग करा रहा है, इसलिए वह परिवार सहित पड़ोस में किराए पर लिए मकान में सोने के लिए चला गया था।

### पाइप ले जाने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** कोतवाली थाना में नरैया गार्डन के चौकीदार ने एक युवक तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, नरसिंग माझी ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नरसिंग ने पुलिस को बताया कि वीरा तथा उसके साथी पौधों में पानी डालने के लिए रखे पाइप को चोरी कर ले जा रहे थे। मना करने पर बदमाशों ने नरसिंग के साथ मारपीट की।

# पांच माह में यात्रियों को लौटाए आधा करोड़ गीतांजलि समेत दर्जनों ट्रेनों की कमाई घटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**300 से अधिक ट्रेन रद्द कर बिलासपुर और रायपुर मंडल 50 लाख से अधिक दे चुका है रिफंड**

**लंबी दूरी की ट्रेनों से रायपुर मंडल को प्रतिदिन 50 हजार से अधिक की होती है कमाई**

खास खबर

भारतीय रेलवे में इन दिनों ट्रेनों के लगातार रद्द होने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर और बिलासपुर मंडलों में यह समस्या अधिक है। जनवरी से मई 2025 तक 300 से अधिक ट्रेनों को रद्द किया गया है, जिससे जोन को लाखों रुपये केवल यात्री टिकट का राजस्व नुकसान हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार हावड़ा से दिल्ली, मुंबई, पुणे समेत अन्य महानगरों में जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों लगभग 3 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं। बीते तीन महीने में गीतांजलि एक्सप्रेस, आजाद हिंद एक्सप्रेस, ▶▶| शेष पेज 13 पर



### 40 हजार से अधिक यात्री होंगे परेशान

रेलवे ने सिंगरौली दिशा की ओर टाई-लाइन की कनेक्टिविटी के कमीशनिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 18 ट्रेनों को 1 से 7 जून के बीच अलग-अलग तारिख में रद्द किया गया है। ज्यादातर ट्रेन लगातार 3 से 4 दिनों के लिए रद्द की गई है। एक दिन ट्रेन के रद्द होने से 40 हजार यात्रियों को होगी। रायपुर और बिलासपुर मंडल को यात्रियों को लाखों का रिफंड देना पड़ेगा।

### रिफंड से गिरावट

पिछले तीन महीनों में रेलवे ने करीब 200 ट्रेनों को रद्द किया, जिससे रायपुर मंडल को भी नुकसान झेलना पड़ा। इनमें शामिल प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों जैसे गीतांजलि एक्सप्रेस, आजाद हिंद, और टाटा-इतवारी ट्रेनें कई दिनों तक लगातार रद्द रही। इन ट्रेनों से रायपुर मंडल के स्टेशनों से सामान्य, स्लीपर और एसी कोच से यात्रियों के टिकट खरीदने पर रोजाना औसतन 30 से 40 हजार तक आय होती है। ट्रेनों के बार-बार रद्द होने से मंडल को न केवल राजस्व में गिरावट का सामना करना पड़ा, बल्कि तीन से चार महीने में यात्रियों को लाखों रुपये का रिफंड भी देना पड़ा। इससे रेलवे की आमदनी पर सीधा असर पड़ा है।

### मेमू ट्रेन नहीं चलने पर 30 हजार तक नुकसान

दपूमरे में एक मेमू ट्रेन के रद्द होने से रेलवे को प्रतिदिन लगभग 30 से 40 हजार का नुकसान होता है, जबकि एक्सप्रेस ट्रेनों के रद्द होने से यह आंकड़ा लाखों में पहुंच जाता है। जानकारी मुताबिक हावड़ा से मुंबई के बीच चलने वाली ट्रेनों के रद्द होने से रेलवे को प्रति ट्रेन 7 लाख से अधिक का नुकसान होता है। रेलवे को इन रद्द ट्रेनों के टिकट का रिफंड भी यात्रियों को लौटाना पड़ा है, जिससे वित्तीय दबाव और बढ़ गया। बीते पांच महीने में रायपुर मंडल ने अब तक लगभग 10 से 20 लाख से अधिक का रिफंड जारी किया जा चुका है, जबकि बिलासपुर मंडल भी इस सूची में पीछे नहीं है। जोन में बीते पांच महीने में रेलवे लगभग 50 लाख तक रिफंड यात्रियों को दे चुका है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रेनों के रद्द होने का ▶▶| शेष पेज 13 पर

# आंबेडकर अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में लगी आग

**सात महीने में दूसरी बार आगजनी**






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जांच सैंपल रखने वाली इनक्यूबेटर मशीन जली बड़ी घटना टली


आंबेडकर अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग के कक्ष क्रमांक 152 में सुबह-सुबह आग लग गई। आग पर जब तक मौजूद अमला काबू पाता, तब तक वहां रखी इनक्यूबेटर मशीन जलकर नष्ट हो गई। आग लगने की वजह इनक्यूबेटर मशीन में शार्ट सर्किट को माना जा रहा है, मगर वास्तविक जानकारी के लिए चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष पटेल ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं।

अस्पताल में सात महीने में आगजनी की यह दूसरी घटना है। नवंबर के प्रथम सप्ताह में लगी आग के दौरान भारी नुकसान हुआ था। आग की चपेट में आए ओटी और न्यू ट्रामा वार्ड में ▶▶| शेष पेज 13 पर








25 मई 2025
छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष
माननीय
श्री राजीव अग्रवाल जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
इं. मखमूर इकबाल खान
प्रदेश महामंत्री,
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा (छ.ग.)
विनीत : समस्त कार्यकर्त्ता, भारतीय जनता पार्टी (छ.ग़.)

## खबर संक्षेप




### धारदार हथियार से लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार

तिल्दा नेवरा। धारदार हथियार छूरीनुमा लेकर आम लोगों को डरा धमकाकर भयभीत करने वाला युवक गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार हथियार छूरीनुमा जप्त किया गया। नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बालक दास कुर्रे नाम का व्यक्ति तिल्दा खरोरा मेन रोड ग्राम तुलसी नेवरा आम जगह में एक धारदार हथियार छूरीनुमा लेकर लहराते हुये आने जाने वाले आम लोगो को डरा धमकाकर भयभीत कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां एक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार हथियार छूरीनुमा लेकर लहराते हुये आने जाने वाले लोगों को डराते धमकाते दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार छूरीनुमा (बत्ता) को जप्त कर आरोपी बालक दास कुर्रे पिता मिलन कुर्रे उम्र 25 वर्ष तुलसी नेवरा निवासी को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### सांकरा में सम्मान समारोह जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

तरपोंगी। परिक्षेत्र साहू संघ लखना के द्वारा आज सुबह 10 बजे सन साइन पब्लिक स्कूल सांकरा में बैठक रखा गया है। जिसमें दसवीं और बारहवीं के बच्चे जो प्रथम स्थान से उत्तीर्ण हुए हैं, उन्हें मां कर्मा प्रतिभा सम्मान, जनप्रतिनिधियों के लिए जनसेवा सम्मान, अतिथि सम्मान, अनेक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में शैल महेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य रायपुर, पोषण साहू तहसील अध्यक्ष तिल्दा, सेवती बैतल साहू जनपद सदस्य परसदा, चांदनी शत्रुहन यदु जनपद सदस्य सांकरा, देवेन्द्र वर्मा जनपद सदस्य सगुनी, जनप्रतिनिधि गण एवं परिक्षेत्र अध्यक्ष संतोष साहू, मुकेश साहू, जामवती साहू, तखत राम साहू सहित सामाजिक गण उपस्थित रहेंगे।

### सुशासन तिहार में शिकायत के बाद नारा में शराब कोचिया पर कार्रवाई

आरंग। बीते 19 मई को मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम टेकारी में आयोजित सुशासन तिहार (समाधान शिविर) में शिकायत के बाद ग्राम नारा के एक अवैध शराब विक्रेता 48 वर्षीय ओमप्रकाश साहू को 36 पौव्वा शराब के साथ थाना अमला के सपड़ में आ गया। बीते 22 मई को इसे ग्राम नारा में धान मंडी के पास बरगद पेड़ के नीचे एक सफेद प्लास्टिक बोरे में शराब रखे रंगे हाथ पकड़ा गया। ज्ञातव्य हो भानसोज के सफल शराबभट्ठी विरोधी आंदोलन से जुड़े करीबन 35 ग्रामों में से अधिकतर में अवैध शराब, गांजा व नशीली गोलियां बिकने सहित होने वाले जुआ की ओर ध्यानाकर्षण कराते हुये जिलाधीश व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा गया था।

विडंबना : मरीज निजी वाहनों के सहारे, करना पड़ रहा है अतिरिक्त खर्च

# धरसींवा में संजीवनी वेंटिलेटर पर, 5 महीने से 108 ठप, 102 में डॉक्टर नहीं, जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा

रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले पांच माह से 108 संजीवनी एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह ठप पड़ी है। यह सिर्फ एक आंकड़े भर की बात नहीं, बल्कि इस पूरे ब्लॉक के हजारों लोगों की जिंदगी से सीधा खिलवाड़ है। हाईवे पर आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले लोगों को एम्बुलेंस के अभाव में निजी वाहनों के भरोसे छोड़ दिया जा रहा है। जिससे उन्हें अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है।

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरे अंचल के एक मात्र सबसे बड़े अस्पताल है। जहां उद्योग नगर सिलतरा और रायपुर बिलासपुर की सड़कों पर होने वाले सड़क दुर्घटनाओं की अकेले इलाज की जिम्मा उठाने वाले हॉस्पिटल है। बता दें कि संजीविनी ही बीमार है, जिसके कारण मरीज निजी वाहनों के सहारे बने हुए है। कल्पना कीजिए एक सड़क दुर्घटना होती है, खून से लथपथ घायल व्यक्ति मदद का इंतजार कर रहा है, लेकिन अस्पताल की संजीवनी एम्बुलेंस खुद बीमार पड़ी है। धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जो पूरे ब्लॉक को कवर करता है और एक व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है, वहां से एम्बुलेंस नदारद है। पिछले पांच महीने से 108 संजीवनी एम्बुलेंस सेवा का पहिया थमा हुआ है। इसका सीधा मतलब है कि दुर्घटना पीड़ितों और अन्य गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए कोई सरकारी साधन उपलब्ध नहीं हैं। मजबूरी में लोग निजी वाहनों का सहारा ले रहे हैं, जिसमें न तो प्राथमिक उपचार की सुविधा होती है और न ही प्रशिक्षित कर्मी। यह एक ऐसी आपातकालीन स्थिति है, जहां एक-एक पल कीमती होता है और सिस्टम की यह उदासीनता सीधे तौर पर लोगों की जान जोखिम में डाल रही है।




### 102 महतारी एम्बुलेंस में डॉक्टर नहीं, ड्राइवर के भरोसे जिंदगी



यहां पर बताना आवश्यक होगा कि सिर्फ 108 संजीवनी एम्बुलेंस का ही बुरा हाल है, तो 102 महतारी एम्बुलेंस की स्थिति और भी चौंकाने वाली है। मरीजों की जान बचाने के लिए भेजी जाने वाली इन एम्बुलेंस में डॉक्टर नहीं, बल्कि ड्राइवर के भरोसे ही मरीज की जिंदगी बचाने की कोशिश की जाती है। आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार और सही मेडिकल सलाह का कितना महत्व होता है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में सिर्फ ड्राइवर के भरोसे गंभीर मरीज को अस्पताल तक पहुंचाना, यह दर्शाता है कि स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता से किस कदर समझौता किया जा रहा है। क्या सरकार को लगता है कि एक ड्राइवर किसी डॉक्टर का काम कर सकता है? यह सीधे तौर पर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ है।

### राजधानी से महज 18 किमी दूर फिर भी बदहाली का आलम

सबसे बड़ा सवाल यह है कि धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर राजधानी से मात्र 18 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जब राजधानी के इतने करीब स्थित एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसी बदहाल व्यवस्था है, तो अंचल के दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। यह स्थिति सिस्टम और सरकार के उन दावों की पोल खोलती है, जिनमें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की बात की जाती है। यह साफ दर्शाता है कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं कितनी कमजोर हैं और आम आदमी को कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### बीएमओ ने की पुष्टि

धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. विकास तिवारी ने भी इस बदहाल व्यवस्था की पुष्टि की है। जब अधिकारी खुद इस बात को स्वीकार कर रहे हैं, तो यह और भी गंभीर हो जाता है। अब गेंद सरकार के पाले में है। कब सरकार इस गंभीर स्थिति पर ध्यान देगी?

# तीन कराटे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा

हाल ही में कोलकाता में आयोजित हुई सनातन शीतोरियु कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप 2024 में राज्य के आठ खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिनमें से तीन होनहार बालिकाओं ने भूटान में होने वाली प्रतिष्ठित थिम्पु अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप 2025 के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है।

यह उपलब्धि न केवल इन खिलाड़ियों के अथक परिश्रम और लगन का परिणाम है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ में कराते के बढ़ते दायरे और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। कराते कोच इशांत महंत ने बताया कि शीतो रियों कराते एसोसिएशन आफ इंडिया द्वारा 28 से 29 दिसंबर को जादवपुर यूनिवर्सिटी में आयोजित एसएसकेएआई अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप 2024 में देश भर से आए शीर्ष कराटे बाजों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के आठ युवा खिलाड़ियों ने अपनी शक्ति और कौशल का प्रदर्शन किया।

आठ खिलाड़ियों में से, तीन बालिकाओं दामिनी साहू , नेहा तुरकाने, और राधिका धीवर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भूटान कराटे क्लब द्वारा 24 से 25 मई को आयोजित होने वाली थिम्पु अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया है। यह चयन छत्तीसगढ़ के लिए एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि यह न केवल इन युवा प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर देगा, बल्कि यह राज्य के अन्य युवाओं को भी खेल के प्रति प्रेरित करेगा। दामिनी, नेहा और राधिका ने अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# बीएनबी स्कूल परिसर में सड़क सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा




तिल्दा नेवरा के बीएनबी शासकीय स्कूल में सड़क सुरक्षा सम्मलेन आयोजित किया गया। जिसमें थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्र के मालवाहक वाहनो के मालिको को बड़ी संख्या में सूचीबध्द करते हुए बुलाया गया, एवं आसपास के ग्रामीणों को उक्त सम्मेलन में लगभग 900-1000 लोग शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर ने अपने संबोधन में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायल को त्वरित इलाज हेतु गोल्डन ऑवर के भीतर हॉस्पिटल ले जाने के लिए हर सम्भव प्रयास करना, सभी मालवाहक वाहनो के स्वामी को किसी भी परिस्थिति में सवारी नही बैठाने, शराब पीकर वाहन नही चलाने, ओव्हर लोडिंग व ओव्हर स्पीड वाहन नही चलाने की हिदायत दिया तथा भविष्य में इन नियमो के उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल एक्ट एवं बीएनएस के विभिन्न धाराओ के तहत कड़ी कार्यवाही करने के बात की बताई।

अपने संबोधन में यातायात उप पुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह ने मालवाहक से संबंधित कानूनी प्रावधानो की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क मार्ग से यात्रा करने के दौरान अपनाये जाने वाली सुरक्षा उपायों और सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा विरेन्द्र चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा सत्येन्द्र सिंह श्याम ने लोगों को संबोधित किया। साथ ही जन प्रतिनिधि नगरपालिका अध्यक्ष चन्द्रकला वर्मा के द्वारा अपने विचार में इस यातायात जागरूकता को अपने तक सीमित न रखकर गांव गांव में प्रचार-प्रसार करने की बात कही। उपरोक्त कार्यक्रम में तिल्दा नेवरा के नगर पालिका सभापति रानी सौरभ जैन, ईश्वर यदु, मनोज निषाद, सौरभ जैन , प्राचार्य डॉ राजेश चंदानी सहित क्षेत्र के सरपंच, जनपद सदस्य, मीडिया के लोग, सहित आम लोग, वाहन चालक, वाहन स्वामी 900-1000 की संख्या में उपस्थित रहे।

# आरंग में भूमिपूजन के साथ समाधान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



नगर पालिका परिषद आरंग के तत्वाधान एवं एसडीएम आरंग के निर्देशन में पीएमश्री शासकीय अरुंधती देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा रायपुर एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन बृजमोहन अग्रवाल ने 181.62 लाख एवं 58.04 लाख का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने प्रत्येक विभाग की जानकारी लेते हुए कई मामलों में अफसरो को कड़े निर्देश दिए एवं कहा की अवैध शराब बिक्री बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे एवं जल संकट के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने शासन की अनेक कार्य योजनाओं से लाभ उठाने की बात कहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का जिक्र किया। कहा कि गरीबों को पक्के मकान, महतारी को 1000रु. एवं किसानों की आए दुगनी हो रही है और आम जनता की हर छोटी बड़ी समस्या का निवारण किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब ने कहा की छत्तीसगढ़ शासन आपके द्वार पर है और आपकी समस्याओं को सुलझाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने सुशासन की व्याख्या करते हुए कहा कि सरकार, संगठन और आम नागरिक मिलकर कार्य करें ताकि विकास में तेजी आए तथा सबका साथ सबका विकास चरितार्थ हो और यही सुशासन है। उन्होंने आम जनता से संवाद स्थापित करते हुए कई समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद आरंग अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने आरंग वासियों को बधाई देते हुए खुद को विकास कार्य के लिए समर्पित बताया व कहा की सामूहिक प्रयास और जनता का सहयोग विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्र वासियों से जागरूकता बनाए रखने की अपील भी की। कार्यक्रम में अन्य अतिथिगण ध्रुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड छत्तीसगढ़, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष भाजपा रायपुर ग्रामीण श्याम नारंग, जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष समोदा छोटे लाल सोनकर, पुष्कर साहू, संतोष लोधी, वीरेंद्र कडरा, सुनीता विनायक धुरंधर, चित्ररेखा विक्रम परमार, सेवती तोषण साहू, खुशबू राकेश शर्मा आदि की उपस्थिति के साथ सर्व विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### आरंग में गणेशोत्सव समितियों की बैठक सम्पन्न



आरंग। मां समया माता मंदिर आरंग मे नगर के सभी गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारियो व सदस्यो की विशेष बैठक रखी गई। बैठक मे 24 समितियों के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे। जिसमे विशेष विषय झांकी किस दिवस निकालना है। सभी समिति के सदस्यो ने साथ मिलकर शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया एवं बिन्दूवार सभी विषयो पर चर्चा हुई, सभी समिति के सदस्यों व पदाधिकारीयों ने नगर की श्री गणेशोत्सव झांकी 6 सितंबर को रात्रि मे निकलने का निर्णय लिया।

# विधायक इन्द्र कुमार ने कलार समाज भवन हेतु 10लाख रुपये की घोषणा की



अभनपुर। छत्तीसगढ़ कलार समाज के तत्वाधान मे प्रदेशस्तरीय जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह कृषि मंडी अभनपुर प्रांगण मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, छग कलार समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू, अध्यक्ष योग आयोग के रूपनारायण सिन्हा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, भाजपा नेता अशोक बजाज, समाज प्रदेश मंत्री विकास महतो, नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी आदि प्रमुख जनप्रतिनिधियो के उपस्थिती मे कलार समाज के स्थानीय चुनाव मे निर्वाचित प्रतिनिधियो को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते कहा कि सामाजिक कार्यो मे सम्मिलित होने का सदैव प्रयास रहता है। उन्होंने कहा लेकिन आप समझ सकते है कि एक विधायक के साथ साथ स्वास्थ्य मंत्री की भी जिम्मेदारी है। मैं मन से बहुत प्रसन्न हुं। हमारे समाज के लोग रचनात्मक कार्यो मे लगे हुये है। आज बड़ी संख्या मे प्रदेशभर के लोग इस सम्मान समारोह मे शामिल हुये है।

**:: आम सूचना ::**
**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**
जारी दिनांक 18/05/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मन्नूलाल यादव पिता /पति माखन लाल यादव निवासी मंदिर हसौद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 1379/2, 1383/2, 1383/8, 1383/9, 1385/1 रकबा 0.145, 0.097, 0.312, 0.138, 0.126 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 16/05/2025 के परिपालन में दिनांक 30/05/2025 को समय 3.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नही है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला-रायपुर**
**आम सूचना**
जारी दिनांक- 18.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शुभम यादव पिता/पति कपता मन्नू यादव निवासी मंदिर हसौद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल- मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 1384/1 रकबा 0.506, हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 16/05/2025 के परिपालन में दिनांक 30/05/2025 को समय 03.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार का दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**:: आम सूचना ::**
**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**
जारी दिनांक 15/05/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जसपाल सिंह चीमा पिता /पति सोहन सिंह निवासी महासमुंद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छतौना पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 20/5, 20/6 रकबा 0.040, 0.960 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 30/01/2025 के परिपालन में दिनांक 30/05/2025 को समय 1.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन/ बटांकन/ में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के छतौना में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नही है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला-रायपुर**
**आम सूचना**
जारी दिनांक- 18.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पुष्पेन्द्र यादव पिता/पति मन्नू यादव निवासी मंदिर हसौद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल- मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 1379/3, 1384/2 रकबा 0.118, 0.388 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 16/05/2025 के परिपालन में दिनांक 30/05/2025 को समय 03.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार का दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर**
**आम सूचना**
जारी दिनांक 20.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय पटेल पिता श्री डी० आर पटेल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम सोनपैरी प.ह.नं. 02 रा.नि.म. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 569/1, 643/1, 644 रकबा 0.37,1.3407, 0.29 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अति तहसीलदार खोरपा के आदेश के परिपालन में दिनांक 27.05.2025 को समय 12.00 वजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है,

उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथी को ग्राम जुलुम स्थित पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथी पश्चात किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्ष**
**खोरपा**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर - 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**//आम-सूचना//**
दिनांक : 18-05-2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल साहू पिता/पति स्व. मोहनलाल साहू निवासी कारा की ग्राम कारा प.ह.नं. 31 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 77/10 रकबा 1.3720 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक 20250411170008 आदेश दिनांक 03-04-2025 के परिपालन में दिनांक 27.05.2025 को समय 12.00 बजे पश्चात् किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 31 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर - 19 (धनेली)**

स्वदेशी शिल्प महोत्सव
27 अप्रैल से 15 जून 2025 तक
सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक
भारतीय पारंपरिक वस्त्र परिधानों एवं हस्तशिल्प कलाओं का अनुपम संग्रह
स्पेशल अट्रेक्शन / तकरीबन एक लाख वैरायटी
बिहार का भागलपुर ड्रेस | बंगाली काथासिल्क साड़ी | वाराणसी सिल्क मटेरियल साड़ी
सहारनपुर फर्निचर, | पोलकी की ज्वेलरी, | मेरठ की खादी कुर्ते एवं बेडशीट,
असम मुगा सिल्क | राजस्थानी चुन्नी दुपट्टा | एवं कंजूमर की ढेर सारी वैरायटी
स्थानः गॉस मेमोरियल ग्राउंड, कालीमाता मंदिर, आकाशवाणी चौक रायपुर
आयोजक : स्वदेशी शिल्प महोत्सव , प्रायोजक : सहयोग वेलफेयर सोसाइटी

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अमर संत कंवरराम की शान में मेला आज



**रायपुर।** संत कंवरराम परमार्थ सेवा संस्थान द्वारा शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में 25 मई को संत कंवरराम की शान में मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत अन्नदान और आरती के साथ की जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष अमित जीवन, मुख्य प्रवक्ता किशोर आहूजा और महासचिव पवन प्रीतवानी, सलाहकार अमर गिदवानी तथा सतीश थौरानी ने बताया कि इस मेले में प्रमुख रूप से वंशज, अमरावती से सांई राजेश कुमार पधार रहे हैं। साथ ही रायपुर से शदाणी दरबार के सांई युधिष्ठिर लाल, देवपुरी से अम्मा चोलेवाली, चकरभाटा से सांई लालदास उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में उल्हासनगर की भगत मंडली की विशेष प्रस्तुति होगी। रात्रि 10 बजे पल्लव, प्रसाद वितरण और भंडारा होगा।

### भारतीय सेना के सम्मान के लिए निकलेगी रैली



**रायपुर।** भारतीय सैन्य बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता ने संपूर्ण भारतीय समाज को गौरवान्वित किया है। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर समाज का कर्तव्य बनता है कि वह सेना के प्रति आभार, सम्मान एवं स्वागत-वंदन की भावना को जन-जन तक पहुंचाए तथा सैनिकों के उत्साहवर्धन में अपनी भागीदारी निभाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच की मांग है कि जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों को निर्देशित किया जाए कि वे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान, स्वागत-वंदन एवं आभार प्रकट करने के लिए विशेष कार्यक्रम, संगोष्ठी, रैली, सम्मान समारोह आदि का आयोजन करें।

## निधन

### मोनी माला शर्मा

**रायपुर।** श्रीराम नगर फेस-1



शंकरनगर निवासी मोनी माला भागलाल शर्मा का 24 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे मदन मोहन शर्मा की पत्नी और पवन शर्मा, सोनिया मेहता की माता थीं।

### कमला नागपुरे



**रायपुर।** वल्लभनगर निवासी कमला नागपुरे का 24 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 मई को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अरुण व आलोक नागपुरे की माता एवं आशीष नागपुरे की बड़ी मां थीं।

### सुनीता तीर्थानी



**रायपुर।** वीआईपी स्टेट शंकर नगर निवासी सुनीता तीर्थानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 मई को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे ओम तीर्थानी की पत्नी और विक्रमादित्य तीर्थानी की माता थीं।

### चिंतामणि गढ़वाल



**रायपुर।** श्रीराम नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार चिंतामणि गढ़वाल का 24 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 मई को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से खमतराई मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# प्री-मानसून की बारिश से भीगा शहर, 32 डिग्री के तापमान से गर्मी छू-मंतर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भले ही प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने में वक्त है, मगर प्री-मानसून ने शहर को भिगोकर रख दिया है। सुबह-सुबह शुरू हुई तेज बारिश के बाद शहर से गर्मी जैसे गायब हो गई है। तीन सेमी. बारिश से दिन और रात के तापमान में 6 डिग्री का अंतर रह गया है। अनुमान है कि वर्षा का दौर अगले दो से तीन दिन तक जारी रह सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक इस बार मानसून की रफ्तार अधिक है और कई राज्यों में वह समय से पहले अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। राज्य में मानसून के सक्रिय होने में थोड़ा वक्त है, मगर प्री-मानसून ने मई के अंतिम दिनों यानी नवतपा की गर्मी को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया है। आने वाले दो से तीन दिनों तक बारिश की गतिविधि बनी रहने की संभावना है, जिससे पारा चढ़ने की संभावना नहीं है। शनिवार की सुबह से शहर में तेज बारिश का दौर शुरू हुआ जो 11 बजे तक अपना असर दिखाता रहा। इसके प्रभाव से मौसम पूरी तरह ठंडा हो गया। शुक्र-शनिवार की दरम्यानी रात का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस था और दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री से ऊपर नहीं चढ़ पाया। दिनभर छाए बादलों की वजह से भी मौसम में ठंडकता रही। अभी एक द्रोणिका पूर्व मध्य अरब सागर से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक विस्तारित है। दूसरी द्रोणिका पश्चिमी राजस्थान में स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से विदर्भ तक मौजूद है। एक चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर तटीय उड़ीसा और उसके आसपास सक्रिय है। इसके असर से रविवार को उत्तर छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर, जबकि दक्षिण छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है।

**चौबीस घंटे में तीन सेमी. तक बरसे बादल, संभावना अभी भी**





**इतना गिरा पारा**

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 32.0 | -10 |
| बिलासपुर | 35.0 | -9 |
| पेंड्रा | 33.4 | -6 |
| अंबिकापुर | 32.6 | -7 |
| जगदलपुर | 33.4 | -5 |
| दुर्ग | 32.2 | -11 |

## पिछले वर्ष की तुलना में रोड एक्सीडेंट में 12 प्रतिशत से ज्यादा मौतें

# तमाम उपाय के बाद भी नहीं थम रही सड़क दुर्घटना मृतकों की संख्या में साल दर साल हो रही बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्य में सड़क दुर्घटना रोकने तमाम तरह के उपाय किए जा रहे हैं। बावजूद इसके सड़क दुर्घटना कम होने के बजाय और बढ़ती ही जा रही है। सड़क दुर्घटना कैसे कम की जाए, इसके लिए गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने दो दर्जन विभागों के अफसरों की शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की। सड़क दुर्घटना कम करने सभी विभागों के अफसरों को समन्वय बनाकर काम करने सुझाव दिए।

- रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा सहित आठ जिले बने हॉट स्पॉट

राज्य में जनवरी से अप्रैल के बीच 5 हजार 322 सड़क दुर्घटनाओं में दो हजार 591 लोगों की मौतें हुई हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस रोड एक्सीडेंट में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी तरह से मृतकों की संख्या में साढ़े 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। समीक्षा बैठक में शामिल अफसरों ने जानकारी दी है कि वर्ष 2019 से 2025 तक जहां सर्वाधिक एक्सीडेंट होते हैं, ऐसे 69 ब्लैक स्पॉट तथा 101 जंक्शन में सुधार किया गया है।

### सेवानिवृत्त लोगों की संविदा में नियुक्ति को लेकर चर्चा

रोड एक्सीडेंट कम करने अंतर्विभागीय लीड एजेंसी ने स्वास्थ्य सेवाएं, लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, शिक्षा, परिवहन, सामान्य प्रशासन विभागों में कार्यरत योग्य तथा सेवानिवृत अधिकारियों की संविदा नियुक्ति कर प्रतिनियुक्ति के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की गई।



**पहली से दसवीं तक के पाठ्यक्रम में शामिल**

अंतर्विबागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा के अध्यक्ष संजय शर्मा ने समीक्षा बैठक में जानकारी दी है शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के पाठ्यक्रमों मे सड़क सुरक्षा विषयक पाठों के परिमार्जन का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसे आगामी शिक्षा सत्र से लागू करने सहित प्रत्येक शैक्षणिक संस्थानों में रोड क्लब गठित कर नियमित गतिविधियों से सड़क सुरक्षा का वातावरण तैयार किया जायेगा।

### छह साल में 70 करोड़ रुपए से ज्यादा वसूले

रोड एक्सीडेंट पर अंकुश लगाने ट्रैफिक के साथ परिवहन विभाग लापरवाह वाहन चालक, मालिकों के खिलाफ जुर्माना लगाने की कार्रवाई करती है। दोनों विभागों ने नियम विरुद्ध वाहन चलाने वाले वाहन चालक तथा मालिकों से वर्ष 2019 से 2025 के बीच 70 करोड़ रुपए से ज्यादा की जुर्माना राशि वसूल की है। जुर्माना कार्रवाई के बाद भी लापरवाह वाहन चालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे।

### 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश

सड़क दुर्घटना में मृत्यु दर कम करने आठ जिलों के जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन लगाई गई हैं। साथ ही सभी जिला अस्पतालों में एक्सरे, लैब व्यवस्था करने के साथ इमरजेंसी दवाओं तथा इंजेक्शन की व्यवस्था रखने के साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ स्टाफ नर्स, पैरा मेडिकल स्टाफ को सातों दिन 24 घंटे अलर्ट रहने निर्देश दिए गए।

### गुड सेमेरिटन को जल्द मिले सम्मान राशि

सड़क दुर्घटना में मृत्यु दर कम करने घायलों की मदद करने ज्यादा से ज्यादा लोग प्रेरित हो इसके लिए नेक व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) को जल्द से जल्द सम्मान राशि दिलाने की व्यवस्था करने बैठक में निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एनएच तथा स्टेट हाईवे में पूर्व में लगाए गए पौने चार लाख स्ट्रीट लाइट के अतिरिक्त एक लाख नई स्ट्रीट लाइट लगाने स्वीकृति प्रदान की गई है। समीक्षा बैठक में हिट एंड रन प्रकरणों के प्रभावितों को राहत के लिये गठित जिला दावा निपटान समिति को प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण तथा जीआईसी के अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर दावा निपटान की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये।

### आठ जिले एक्सीडेंट का हॉट स्पॉट

समीक्षा बैठक में सर्वाधिक सड़क दुर्घटना वाले जिलों को चिन्हांकित किया गया, उसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, रायगढ़, बलौदाबाजार, सरगुजा, जगदलपुर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना होना पाया गया। इन जिलों में सड़क दुर्घटना कम करने कार्योजना तैयार कर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए गए।

## पिछले वर्ष के पाठ्यक्रमों में ही प्रवेश, मंजूरी मिलने के बाद बीच में जोड़ेंगे नए विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



पं. रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए शनिवार से आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। केंद्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत छात्र रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर रहे हैं। रविवि के आवेदन पोर्टल में संबद्ध महाविद्यालयों की सूची और वहां संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों की सूची है।

छात्र इसके अनुसार पाठ्यक्रम और महाविद्यालय का चयन कर रहे हैं। छात्रों को पाठ्यक्रम की जो सूची उपलब्ध है, वो पिछले साल संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों की ही है। अर्थात छात्रों को नए पाठ्यक्रम का विकल्प फिलहाल नहीं मिल रहा है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किसी भी महाविद्यालय को नए पाठ्यक्रम संचालन के लिए मंजूरी अब तक नहीं दी गई है। महाविद्यालयों द्वारा नियमतः जुलाई 2024 तक नए पाठ्यक्रम तथा सीट वृद्धि के लिए आवेदन किया जा चुका था। निरीक्षण के लिए टीमें भी आईं, लेकिन अंतिम मंजूरी नहीं मिल पाने के कारण नए पाठ्यक्रम का संचालन अधर में है। ना सिर्फ रविवि बल्कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों से संबद्ध महाविद्यालयों में यही स्थिति है।

**खास बातें**

- रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए शनिवार से प्रारंभ हुए आवेदन
- उच्च शिक्षा विभाग से मंजूरी नहीं मिलने के कारण अब तक नए कोर्स नहीं

### तिथि का निर्धारण नहीं

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश प्रक्रिया के संदर्भ में तिथि निर्धारण अब तक नहीं किया जा सका है। रविवि ने अपने स्तर पर आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। आवेदन स्वीकार करने के साथ ही रविवि ने यह स्पष्ट किया है कि मेरिट लिस्ट सहित अन्य तिथियों की घोषणा उच्च शिक्षा विभाग के अधिसूचना के बाद ही की जाएगी। आवेदन पोर्टल खुलने के बाद निजी महाविद्यालयों ने अपने संस्थानों में हेल्प डेस्क सहित अन्य सुविधाएं देनी भी प्रारंभ कर दी है।

### करना होगा दोबारा आवेदन

यदि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश प्रक्रिया बंद होने के पूर्व नवीन पाठ्यक्रम को मान्यता प्रदान कर दी जाती है तो विश्वविद्यालय इसे अपने पोर्टल में अपडेट कर सकते हैं, लेकिन इस स्थिति में भी आधे छात्र अवसर से वंचित रह जाएंगे। जो छात्र अभी आवेदन कर रहे हैं, उन्हें नए पाठ्यक्रम का विकल्प नहीं मिल रहा है। यदि बाद में नए कोर्स जोड़े जाते हैं तो उसका लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को फिर से आवेदन करना होगा। एक बार आवेदन करने के बाद दोबारा आवेदन करने में भी छात्रों को तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं।

## ओडिशा के मेडिकल स्टोर संचालक सहित तीन प्रतिबंधित टेबलेट के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने प्रतिबंधित टेबलेट के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में से एक को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने ओडिशा में छापे की कार्रवाई करते हुए एक मेडिकल कारोबारी तथा उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार किया है।

- पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने तीनों को किया अरेस्ट

पुलिस ने ओडिशा, कालाहांडी के मेडिकल कारोबारी पूर्ण चंद्र साहू, वासुदेव पांडे तथा राजेंद्र नगर निवासी सोनू उर्फ संजय सूर्यवंशी राजपूत को प्रतिबंधित टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। सोनू की निशानदेही पर पुलिस ने मेडिकल कारोबारी तथा उसके साथी को गिरफ्तार किया है। सोनू ने पुलिस को जानकारी दी थी कि उसे वासुदेव पाण्डेय ने प्रतिबंधित टेबलेट उपलब्ध कराया था। इसके बाद पुलिस की एक टीम ओडिशा रवाना की गई। वासुदेव ने पुलिस को बताया कि प्रतिबंधित टेबलेट खपाने के एवज में मेडिकल कारोबारी उसे मोटी रकम कमीशन के रूप में देने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया था। मेडिकल कारोबारी तथा उसके साथी ने रायपुर तथा अन्य जगहों पर और किन-किन लोगों को प्रतिबंधित टेबलेट बेचा है, पुलिस इस संबंध में उनसे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## राज्य के बाद अब जिलों में वन कर्मचारी संघ का चुनाव


**रायपुर।** वनकर्मचारी संघ का राज्य राज्य के सभी 33 जिलों में चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की गई है। चुनाव कराने अधिसूचना संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत दुबे द्वारा जारी की गई है। चुनाव तीन चरणों में संपन्न कराया जाएगा। वनकर्मचारी संघ के चुनाव में आठ हजार वनकर्मी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अधिसूचना के अनुसार, सभी जिलों की मतदाता सूची का प्रकाशन 13 मई 2025 को किया गया है। चुनाव प्रक्रिया एक जून से प्रारंभ होकर जुलाई तक पूरी होगी। एक जून को प्रथम चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और आठ जून को मतदान होगा।

- तीन चरणों में चुनाव कराने अधिसूचना जारी

### दो चरणों में इन जिलों में मतदान

छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के प्रवक्ता पवन पिल्ले के अनुसार दूसरे चरण का चुनाव प्रक्रिया 15 से 22 जून के बीच संपन्न होगा। दूसरे चरण में दंतेवाड़ा, कोंडागांव, नारायणपुर, दुर्ग, मोहला-मानपुर-चौकी, राजनांदगांव, रायपुर, गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही, सरगुजा, सूरजपुर और कवर्धा जिलों वनकर्मचारी संघ का चुनाव होगा। तीसरे चरण की चुनावी प्रक्रिया 29 जून से शुरू होकर 6 जुलाई को समाप्त होगी। तीसरे चरण के लिए रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, खैरागढ़, कोरबा, बिलासपुर, बालोद, जांजगीर-चांपा और धमतरी के वनकर्मचारी चुनाव में भाग लेंगे।

### कार में आग लगाने के बाद घर में फेंका आग का गोला



**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कुशालपुर स्थित एक घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाने के बाद जलती हुई आग का गोला फेंकने के मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें दो से तीन संदिग्ध दिख रहे हैं, जिन पर कार में आग लगाने की आशंका व्यक्त की गई है। बंजारी नगर निवासी अंकुश शुक्ला ने कार तथा घर में आग लगाने की शिकायत दर्ज कराई है। अंकुश ने पुलिस को बताया है कि 19-20 मई की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश ने घर के बाहर खड़ी कार में आग लगा दी। इसके बाद जलती आग को खिड़की के रास्ते घर के अंदर फेंक दिया। इससे घर में रखा सामान पूरी तरह से जल गया और रसोई गैस सिलेंडर की ऊपर की जाली तथा पाइप आग की चपेट में आ गया। सिलेंडर के पूरी तरह से आग की चपेट में नहीं आने से एक बड़ी घटना टल गई।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 20.05.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय पटेल पिता श्री डी० आर पटेल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम सोनपैरी प.ह.नं. 02 रा.नि.म. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 569/1, 643/1, 644 रकबा 0.37,1.3407, 0.29 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अति तहसीलदार खोरपा के आदेश के परिपालन में दिनांक 27.05.2025 को समय 12.00 वजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है,

उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथी को ग्राम जुलुम स्थित पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथी पश्चात किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्ष
खोरपा

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर - 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**//आम-सूचना//**

दिनांक : 18-05-2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल साहू पिता/पति स्व. मोहनलाल साहू निवासी कारा की ग्राम कारा प.ह.नं. 31 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 77/10 रकबा 1.3720 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक 20250411170008 आदेश दिनांक 03-04-2025 के परिपालन में दिनांक 27.05.2025 को समय 12.00 बजे पश्चात् किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 31 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर - 19 (धनेली)

**:: आम सूचना ::**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**

जारी दिनांक 15/05/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जसपाल सिंह चीमा पिता /पति सोहन सिंह निवासी महासमुंद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम छतौना पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 20/5, 20/6 रकबा 0.040, 0.960 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 30/01/2025 के परिपालन में दिनांक 30/05/2025 को समय 1.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन/ बटांकन/ में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के छतौना में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नही है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

स्वदेशी शिल्प महोत्सव
27 अप्रैल से 15 जून 2025 तक
सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक
भारतीय पारंपरिक वस्त्र परिधानों एवं हस्तशिल्प कलाओं का अनुपम संग्रह
स्पेशल अट्रैक्शन / तकरीबन एक लाख वैरायटी
बिहार का भागलपुर ड्रेस | बंगाली काथासिल्क साड़ी | वाराणसी सिल्क मटेरियल साड़ी
सहारनपुर फर्निचर, | पोलकी की ज्वेलरी, | मेरठ की खादी कुर्ते एवं बेडशीट,
असम मुगा सिल्क | राजस्थानी चुन्नी दुपट्टा | एवं कंजूमर की ढेर सारी वैरायटी
स्थानः गॉस मेमोरियल ग्राउंड, कालीमाता मंदिर, आकाशवाणी चौक रायपुर
आयोजक : स्वदेशी शिल्प महोत्सव , प्रायोजक : सहयोग वेलफेयर सोसाइटी

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
रोवस, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### साय, महंत और बैज ने अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता एवं वरिष्ठ समाजसेवी रामजीलाल अग्रवाल के देवलोकगमन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, रामजीलाल अग्रवाल का संपूर्ण जीवन समाजसेवा, गोसेवा और जनकल्याण के कार्यों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने अपने सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज में आदर्श स्थापित किया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकसंतप्त परिजनों को यह वज्राघात सहने की शक्ति प्रदान करें। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की है। डॉ. महंत ने कहा, वे रायपुर महावीर गोशाला के संस्थापक रहते हुए गोसेवा के लिए अतुलनीय कार्य किया है। हमेशा ही समाज उत्थान के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभायी है। ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा, ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें।

### मंत्री से मिलकर अपनी समस्या बताएंगे मंडी बोर्ड कर्मचारी महासंघ

**रायपुर।** मंडी बोर्ड प्रांतीय कार्यकारणी की बैठक संभागीय कार्यालय रायपुर पंडरी आयोजित की गई। जिसमें विषेश अतिथि सहित प्रांता अध्यक्ष, प्रांतीय सचिव के साथ प्रांतीय कार्यकारणी के सदस्य उपस्थित थे। रही विभिन्न मंडियों से आये कर्मचारी अपनी समस्यओं से अवगत कराया। प्रांता अध्यक्ष द्वारा कर्मचारी हित में अनेक निर्णय लिये गये। मंत्री व प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड के समक्ष कर्मचारी के समस्याओं को रखने का संकल्प पारित किया गया।

### बीएससी नर्सिंग के प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने प्री बीएससी नर्सिंग के प्रवेशपत्र जारी कर दिए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 29 मई को आयोजित की जा रही है। व्यापम की वेबसाइट के अलावा अभ्यर्थी रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर व्यापम द्वारा भेजे गए एसएमएस के यूआरएल लिंक पर क्लिक करके भी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। समस्या समाधान के लिए व्यापम ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए हैं।

### बिल्डर पर अवैध निर्माण का आरोप, कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जय कुमार धनगर ने आरोप लगाया है कि जोन क्रमांक-10 के वार्ड 54 कांदुल रोड राशन दुकान के पीछे बोरियाखुर्द सीता वाटिका कॉलोनी एवं न्यू संतोषी नगर में बिल्डर द्वारा बिना नक्शा पास बिना लेआऊट के गुणवत्ताहीन मकान निर्माण कर बेचे जा रहे हैं, जिसकी शिकायत नगर निगम जोन-10 कमिश्नर से की जा चुकी है, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे लग रहा है कि निगम कर्मचारियों एवं बिल्डर के बीच सांठगांठ है। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

# निगम, मंडलों की तीसरी सूची के लिए अब इंतजार थोड़ा और लंबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग में अप्रैल में 36 पदों पर जिन भाजपा नेताओं को नियुक्ति किया, उनमें से आधा दर्जन के पदों में पेंच फंसा था। इसमें से चार पदों का पेंच सुलझाने के लिए एक संशोधित दूसरी सूची जारी करके तीन अध्यक्षों और एक उपाध्यक्ष को दूसरे पदों पर नियुक्त किया गया है।

अभी दो पदों का पेंच इसलिए फंसा है, क्योंकि इन पदों पर कांग्रेस शासनकाल के लोग विराजमान हैं। इसके लिए अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। इसी तरह से अब जिन नेताओं को पद नहीं मिल सके हैं, उनको भी निगम, मंडल, आयोग की तीसरी सूची के लिए थोड़ा लंबा इंतजार करना पड़ेगा। अब तक भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पर फैसला नहीं हो सका है। इसीलिए माना जा रहा है कि नए अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही निगम, मंडल और आयोग की तीसरी सूची आएगी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद करीब सवा साल बाद जाकर प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडलों के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्ति की है।

इनमें से आधा दर्जन नेताओं के पदों पर पेंच भी फंसा गया था, ऐसे में इनका पदभार संभालना मुश्किल हो गया तो अततः प्रदेश सरकार ने इनको दूसरे निगम, मंडल में कुर्सी देने का काम किया है। दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष बनाए गए केदार नाथ गुप्ता को जहां अपेक्स बैंक का अध्यक्ष बनाया गया, वहीं वित्त आयोग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी को छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अध्यक्ष बनाया गया।

शालिनी राजपूत को समाज कल्याण विभाग के स्थान पर अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड बनाया गया। समाज कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष चंद्रक्रांति वर्मा को उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग बना दिया गया है।

**आधा दर्जन से ज्यादा निगम, मंडल, पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की बची है नियुक्ति**



#### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है, उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार का प्रदेश संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन हो चुका है। लेकिन अब चूंकि सामने भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव आ गया तो भाजपा के सूत्रों का कहना है कि अब तो नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही तीसरी सूची का ऐलान हो सकेगा। तीसरी सूची से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराने के बाद उनकी भी अनुमति लेनी होगी।

## ईकेवाईसी के लिए मोबाइल फेस एप की सुविधा जून से

# मोबाइल एप पर अपना चेहरा दिखाते ही हो जाएगा राशनकार्ड धारक का ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उचित मूल्य दुकान के राशन कार्ड धारकों को अब तक ई-केवाईसी कराने के लिए राशन दुकानों में जाकर ई-पॉश मशीन में आधार को मशीन से लिंक कराने के साथ अपनी अंगुली का फिंगर स्कैनिंग कराना पड़ता है। इस पूरी प्रक्रिया में काफी समय लग जाता है।

ई-केवाईसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए अब राज्य में भी मोबाइल फेस एप्लीकेशन एप लांच होने जा रहा है। इस एप से कार्ड धारक घर बैठे दो मिनट के अंदर अपने एंड्राइड मोबाइल पर एप डाउनलोड कर आसानी से अपना केवाईसी कर सकता है। इस प्रक्रिया के दौरान फेस स्कैन होते ही केवाईसी हो जाएगा।

#### इस तरह पलक झपकते हो जाएगा केवाईसी

गुगल से पहले मेरा केवाईसी और आधार फेस आरडी (kyc-Aadhaarfacerd) एप डाउनलोड करना होगा। एप के खुलने पर अपना राज्य चुनना होगा। इसके बाद वेरिफाई लोकेशन का ऑप्शन आएगा। इस पर क्लिक करने के बाद अपना आधार नंबर इंटर करना है। इसके बाद ओटीपी नंबर आएगा। इसके बाद ओटीपी और केप्च कोड (Captcha Code) डालते ही क्लिक करने पर आपका स्क्रीन में डीटेल जाएगा। इसके बाद नीचे फेस ई-केवाइसी का बटन पर क्लिक करना है। इसे क्लिक करते ही मोबाइल कैमरा ऑन हो जाएगा, जिस पर खुद का चेहरा दिखाते ही केवाईसी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।



#### फेस एप जून में शुरू होने की संभावना

केवाईसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए मोबाइल फेस एप की सुविधा शुरू होने जा रही है। संभवतः जून से इस एप के माध्यम से राशन कार्ड सदस्य अपना केवाइसी कर पाएंगे।

- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक, रायपुर

#### केवाईसी हुआ या नहीं कर सकते हैं चेक

केवाईसी हुआ या नहीं अगर इसे लेकर कोई शंका हो तो इसे भी इसी एप से कुछ सेकंड में दूर किया जा सकेगा। एप की पुरानी प्रक्रिया अपनाते हुए ओटीपी और कैप्चा कोड डालने के दौरान स्टेटस के सामने वायी लिखा आएगा। इसका मतलब आपका केवाईसी हो गया है।

#### जिले में चार लाख सदस्यों ने नहीं कराया केवाईसी

रायपुर जिले में कुल 6 लाख 43 हजार 472 राशन कार्ड धारक है। इन राशन कार्डों में 22 लाख 26 हजार 671 सदस्य हैं, जिनमें से लगभग चार लाख सदस्यों ने अब तक अपना केवाईसी नहीं कराया है। इन सदस्यों के साथ नए कार्ड के सदस्यों को केवाईसी कराने के लिए अब राशन दुकानों के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। मोबाइल फेस एप के माध्यम से ये सभी सदस्य आसानी से घर बैठे अपना केवाईसी कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में केवाईसी नहीं कराने वाले सदस्यों का आंकड़ा 20 लाख से ज्यादा है।

#### दूसरे कई राज्यों में शुरू हो चुका छग में अब होने जा रहा

केंद्र सरकार ने केवाईसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सभी राज्यों को तीन ऑप्शन दे रखे हैं। इसके लिए फिंगर स्कैन, रेटिना स्कैन एवं तीसरा ऑप्शन फेस स्कैन है। इन तीनों आप्शन में छत्तीसगढ़ के जिलों के राशन दुकानों में फिंगर स्कैन का उपयोग किया जा रहा है। रेटिना आप्शन के भी कहीं-कहीं उपयोग में लाए जाने की खबर है। हालांकि फेस स्कैन ऑप्शन को जून से शुरू किए जाने की तैयारी की जा रही है।

#### केवाईसी के बगैर नहीं मिलेगा राशन

भारत सरकार ने राशन कार्ड सदस्यों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया है। केवाईसी नहीं कराने वाले सदस्यों को राशन दुकान से खाद्यान्न भी नहीं मिल पाएगा। बताया जा रहा है कि केवाईसी कराने की अंतिम तारीख 31 मई है, लेकिन इसे राज्य में फिर आगे बढ़वाया जा सकता है। इससे पहले भी केवाईसी की तारीख अनेकों बार आगे बढ़ चुकी है। संभावना है कि फेस एप के आने के बाद 31 दिसंबर तक के लिए केवाईसी की तारीख आगे बढ़ सकती है।

# बस्तर में आदिवासियों और जल-जंगल-जमीन को संरक्षित करने बैज करेंगे चार दिन पदयात्रा

## न्याय यात्रा के जरिए जिला प्रशासन का ध्यान खीचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर संभाग में आदिवासियों, जल-जंगल-ज़मीन और खनिज को संरक्षित रखने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की न्याय यात्रा की शुरुआत बचेली के बजाय किरंदुल से होगी, जो 29 मई को दंतेवाड़ा में समाप्त होगी। 26 मई को शुरू होने वाली न्याय यात्रा का रूट चार्ट कांग्रेस ने जारी कर दिया है। यात्रा के दौरान प्रतिदिन 11 से अधिक और अंतिम दिन साढ़े आठ किमी की पदयात्रा करेंगे। पीसीसी अध्यक्ष के साथ कांग्रेस पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ता यात्रा में भाग लेंगे। बताया गया है कि पहले दिन की यात्रा किरंदुल के गांधी नगर चौक से शुरू होगी। पहले दिन 11.6 किमी की यात्रा कर बचेली में रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन बचेली से शुरू होगी धुरली पहुंचेगी। करीब 12 किमी की यात्रा तय कर यहां पर रात्रि विश्राम करेंगे। धुरली से तीसरे दिन यह यात्रा रवाना होगी। करीब 12.8 किमी की यात्रा कर पातररास पहुंचेंगे जहां पर रात्रि विश्राम करेंगे। अंतिम दिन यह यात्रा पातररास से शुरू होकर 5.11 किमी की यात्रा कर दंतेवाड़ा पहुंचेगी। यहां पर कलेक्टोरेट का घेराव करेंगे।



#### इन मुद्दों को लेकर निकाली जा रही यात्रा

भाजपा सरकार की आने के बाद से छत्तीसगढ़ के संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने का काम हुआ है अवैध खनन के कई मामले सामने आ रहें हैं और इस प्रकार से भविष्य में भी कई मामले होने की आशंका है, इन्हीं मुद्दों को लेकर पदयात्रा निकाली जाएगी।

#### खनिज संपदा अडानी को सौंपने की तैयारी



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विष्णुदेव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी की खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दिया। बैलाडीला 1सी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दिया गया। कांकेर जिले के हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है। यह शुरुआत है इसके बाद बस्तर के सभी बहुमूल्य खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की तैयारी की जा रही है। अडानी के लिए बस्तर में रेड कारपेट बिछाया जा रहा।

### मातृ मृत्यु दर कम करने प्रसूताओं की विशेष निगरानी के निर्देश



**रायपुर।** मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी की जाए। इसके अलावा बिना जोखिम प्रसव के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में देखभाल क्लीनिक खोला जाए। आयुक्त सह संचालक डाक्टर प्रियंका शुक्ला ने स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के दौरान विभिन्न निर्देश जारी किये। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर डॉ. मिथिलेश चौधरी भी साथ उपस्थित रहे। डॉ. प्रियंका शुक्ला ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर, हीरापुर, गोगांव एवं अर्बन आयुर्वेदिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। उन्होंने मातृ मृत्यु दर जो वर्तमान में 132 प्रति एक लाख है, उसमें कमी लाने बेहतर प्रयास के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को विशेष जांच प्रत्येक केंद्र में हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं को सूचीबद्ध कर निकटतम केंद्र बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी हो तथा यह स्पष्ट किया जाए कि किस महिला का प्रसव किस केंद्र में होना है।

# भारत माला घोटाला में 40 ग्रामों से आ चुकी शिकायतें

## संभाग कमिश्नर ने कहा- कमेटी बनाकर कराएंगे जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतमाला परियोजना में भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण घोटाला के मामले में अब तक लगभग 40 गांवों से शिकायतें आ चुकी हैं। शिकायत करने वालों में कई प्रभावित किसान हैं, जिनकी जमीन इस परियोजना में अधिग्रहित की गई है, लेकिन उन्हें मुआवजा नहीं मिल पाया है। वहीं कई किसानों ने जमीन का बटांकन और नामांतरण में गड़बड़ी कर मुआवजा राशि का भुगतान करने की शिकायतें की हैं। इसके अलावा कुछ किसानों ने फलदार वृक्षों का मुआवजा नहीं मिलने की भी शिकायत की है। इस तरह संभाग कमिश्नर कार्यालय से लेकर रायपुर कलेक्टर कार्यालय, अभनपुर एसडीएम कार्यालय, कुरुद तहसील, धमतरी कलेक्टोरेट में अब तक 75 से अधिक शिकायतें आ चुकी हैं। इधर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने कहा कि इन शिकायतों का पहले परीक्षण किया जाएगा, जिनमें ऐसी शिकायतों की जांच कराई जाएगी, जिन प्रकरणों में गड़बड़ी हुई है ऐसी संभावना है।

#### इन ग्रामों से अब तक की गई शिकायतें

रायकबांधा, गिरोला, पचेड़ा, भेलवाडीह, तोरला, परसदा, टोकरो, सारंगी, कुर्द, अभनपुर, चरौदा-आरंग, बोरियाखुदर्ग, पारागांव, सिवनीकला, निसदा, सिवनीमोवा, कुरुद, उमरदा, सिर्री, सरगी, चिमरी, सिवनीकला, भरदा, उरला-अभनपुर, गोइंदा, अकोलीकला, बिरोंदा, बड़ेउरला, टेकारी बठैना सहित अन्य गांव शामिल है।

#### कमेटी बनाकर जांच की जाएगी

शासन के निर्देश के अनुसार भारत माला परियोजना से संबंधित शिकायत आवेदन लिया जा रहा है। संभाग कार्यालय में 57 आवेदन आ चुके हैं। कलेक्टोरेट, तहसील कार्यालयों में भी आवेदन आए हैं। सभी आवेदन संभाग कार्यालय में मंगाए जा रहे हैं, ताकि इन आवेदनों का परीक्षण कर उचित शिकायतों की कमेटी बनाकर जांच कराई जा सके। जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी।

- महादेव कावरे
संभागायुक्त रायपुर

#### संभाग कमिश्नर कार्यालय में 28 गांव से 57 शिकायतें मिलीं

राजधानी रायपुर स्थित संभाग कमिश्नर कार्यालय में ही लगभग 28 गांवों से 57 शिकायतें आ चुकी हैं। इसके अलावा अभनपुर एसडीएम के पास 2, कलेक्टर रायपुर कार्यालय 6, कुरूद तहसील 2, धमतरी कलेक्टर कार्यालय में 8 शिकायतें की गई हैं। इन शिकायत आवेदनों की जांच होनी है।

**कमेटी बनाकर की जाएगी जांच**

संभाग कमिश्नर कार्यालय से लेकर अन्य शासकीय कार्यालयों में आई भारत माला से संबंधित सारी शिकायत आवेदनों को संभाग कमिश्नर ने अपने कार्यालय में मंगवाए हैं, ताकि इन सभी आवेदनों का परीक्षण किया जा सके। आवेदनों में ऐसी शिकायतों को अलग किया जाएगा, जिसमें जांच की आवश्यकता नहीं है। इस तरह जिन आवेदनों में जांच की आवश्यकता है, उन शिकायतों की जांच के लिए संभाग कमिश्नर द्वारा कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी जांच करने के बाद रिपोर्ट संभाग कमिश्नर को देगी, जिसके बाद वे शासन को उसे सौंपेंगे।

# छत्तीसगढ़ में मेदांता अस्पताल और वरुण ब्रेवरेजेस संयंत्र की स्थापना का प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य और उद्योग क्षेत्र में बड़े निवेश की दिशा में अहम कदम बढ़ाते हुए शनिवार को नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से दो प्रमुख उद्योग समूहों ने मुलाकात की। मेदांता अस्पताल के संस्थापक और प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश त्रेहन ने रायपुर में एक अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने बताया कि वे इस परियोजना में लगभग 500 करोड़ रुपये का निवेश करना चाहते हैं। यह अस्पताल उन्नत चिकित्सा तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों, रिसर्च और प्रशिक्षण सुविधाओं से लैस होगा। वहीं, वरुण ब्रेवरेजेस लिमिटेड के चेयरमैन रवि जयपुरिया ने रायपुर में कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स और फ्रूट जूस आधारित संयंत्र लगाने का प्रस्ताव दिया, जिसमें 250 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा। यह परियोजना राज्य में औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोज़गार सृजन को गति देगी।

#### विचार का हरसंभव मदद देगी सरकार : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों प्रस्तावों का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य और उद्योग जैसे क्षेत्रों में ऐसे गुणवत्तापूर्ण निवेश के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, ये दोनों परियोजनाओं पर राज्य शासन विचार कर इसे हरसंभव मदद देगी, इस प्रकार की परियोजनाओं से जनता को लाभ और युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी सुलभ होंगे।

# कांग्रेस हमेशा सेना और सुरक्षा बलों पर शक करती है : संजय श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में चले नक्सल-विरोघी ऑपरेशन में हार्डकोर नक्सली बसव राजू समेत 27 नक्सलियों के मारे जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री गृह मंत्री विजय शर्मा की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर दिए गए बयान पर कहा, कांग्रेस हमेशा सेना और सुरक्षा बलों पर शक करती है एवं सुरक्षा बलों का मनोबल कमतर करने का काम करती रहती है।



नक्सलवाद पर भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता लगातार शर्मनाक टिप्पणियां कर रहे हैं और इनके आका नक्सलियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई रुकवाने के लिए लगातार एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन से कांग्रेस के लोग जिस तरह छाती पीट रहे हैं, वह यकीनन शर्मनाक है। श्री बघेल समेत तमाम कांग्रेसियों को तो इस बात पर खुश होना चाहिए कि झीरम नक्सली हिंसा, जिसमें कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की एक पूरी पीढ़ी शहीद हो गई थी, के खलनायक रहे राजू को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। यह दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति कांग्रेस ने अपने पांच साल के शासनकाल में नहीं दिखाई और भाजपा ने महज लगभग डेढ़ साल के शासनकाल में नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ संकल्प के साथ काम करके दिखा दिया है।

## सभी विभागों में फाइलों की डिजिटल स्वीकृति सुनिश्चित की जाएगी

# विभागों के बाद अब जिलों में भी लागू होगा ई-ऑफिस सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने ई-ऑफिस प्रणाली को अपनाकर राज्य में सुशासन की स्थापना के उद्देश्य से शासकीय कामकाज में पारदर्शिता, त्वरित निर्णय-प्रक्रिया और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने ई-ऑफिस एकीकृत फाइल और रिकार्ड प्रबंधन प्रणाली लागू कर दी है। ई-ऑफिस सरकारी कार्यालयों में कागज रहित कार्यप्रणाली को बढ़ावा देती है। इसके माध्यम से फाइलों का निर्माण, ट्रैकिंग, अनुमोदन और संग्रहण डिजिटल रूप से होता है, जिससे कार्यों को गति मिलेगी। ई-ऑफिस के माध्यम से सरकारी दस्तावेजों का प्रबंधन, सुरक्षा और फाइलों का निपटारा तेजी से होगा।

21 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के प्रशासनिक कार्यों में ई-गवर्नेंस और पारदर्शिता को आगे बढ़ाने के लिए तीन नए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म का अनावरण किया था, जिसमें ई-ऑफिस सिस्टम के अलावा मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) पोर्टल और 'स्वागतम' पोर्टल शामिल थे। ये सभी उपकरण विभिन्न सरकारी कार्यों में आईटी समाधानों को एम्बेड करके दक्षता बढ़ाने और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। 1 जनवरी 2025 को विभागीय सचिवों की बैठक में सभी विभागों और कार्यालयों में ई-ऑफिस लागू करने के निर्देश देते हुए इसे सभी विभागों में 31 मार्च 2025 तक इसका पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अब सभी विभागों में लागू करने के बाद जिलों में इसे लागू किया जा रहा है।

#### शासकीय कार्यों की होगी निगरानी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशा निर्देश पर बने ई-ऑफिस प्रणाली से फाइलों की रियल-टाइम ट्रैकिंग से पारदर्शिता बढ़ने के साथ-साथ शासकीय कार्यों की निगरानी आसान हो रही है। डिजिटल फाइलों के माध्यम से निर्णय-प्रक्रिया तेज हो रही है, कार्यों की दक्षता बढ़ रही है। फाइलों की डिजिटल ट्रैकिंग से अनियमितताओं की संभावना कम हो रही है। कागज, मानव संसाधन और परिवहन लागत में बचत हो रही है।

#### विभागों में विस्तारित, अब जिलों में होगा लागू

छत्तीसगढ़ सरकार ने ई-गवर्नेंस को चरणबद्ध तरीके से लागू किया है। पहले इसे सामान्य प्रशासन विभाग में शुरू किया गया था और अब इसे मंत्रालय के सभी विभागों में विस्तारित कर दिया गया है। जिला स्तर पर भी इसे लागू करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। छत्तीसगढ़ में सक्ती पहला ऐसा जिला है, जहां ई-ऑफिस पूरी तरह से लागू हुआ था। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि अब से सभी विभागों में फाइलों की डिजिटल स्वीकृति सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी कार्यों में अनावश्यक देर समाप्त हो और प्रशासनिक निर्णयों को त्वरित रूप से लागू किया जा सके।

#### काम में तेजी और त्रुटियां कम होंगी

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में ई-गवर्नेंस को सुशासन के प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया गया है। यह प्लेटफॉर्म सुशासन और डिजिटल एकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उम्मीद है कि नई प्रणालियों से देरी कम होगी, त्रुटियां कम होंगी और फाइलों की निर्बाध ट्रैकिंग संभव होगी। फाइलों की रियल-टाइम ट्रैकिंग, डिजिटल दस्तावेजों की सुरक्षा और डुप्लिकेशन रोकने के लिए केंद्रीकृत डेटा प्रबंधन की सुविधा शामिल है। डिजिटल ऑफिस प्रणाली का उद्देश्य फाइल प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना, कागजी कार्रवाई को कम करना तथा दस्तावेजों को छेड़छाड़ या नुकसान से बचाना है।

#### प्रशिक्षण और जागरूकता दोनों जरूरी

ई-ऑफिस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अब वे इस नई प्रणाली को समझकर प्रभावी ढंग से काम को अंजाम दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ का डिजिटल सफर न केवल राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाएगा, बल्कि यह भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी राज्य को तैयार कर रहा है। डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग जहां सरकारी प्रक्रियाओं को तेज और पारदर्शी बना रहा है, वहीं यह नागरिकों के लिए भी एक आसान और त्वरित सेवा का माध्यम बन रहा है।

# छत्तीसगढ़ जैसे 400 केवी के टॉवर मप्र में और वहां की डिजाइन वाले 220 और 132 केवी के टॉवर यहां बनेंगे

## छत्तीसगढ़ के बचेंगे तीन करोड़, मप्र ने अपनी तकनीक के लिए मांगा था शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने जिस तकनीक और डिजाइन से प्रदेशभर में 400 केवी के टॉवर बनाए हैं, अब उसी तकनीकी और डिजाइन से मप्र में भी टॉवर बनेंगे। इसी तरह से मप्र की तकनीक और डिजाइन वाले 220 और 132 केवी के टॉवर छत्तीसगढ़ में बनेंगे। पहली बार छत्तीसगढ़ और मप्र के बीच में तकनीक और डिजाइन का आदान-प्रदान करने के लिए समझौता हुआ है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को 400 केवी अति उच्च दाब टॉवर खड़ा करने में विशेष दक्षता हासिल है। इसकी डिजाइन को छत्तीसगढ़ ने केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) बैंगलोर को भेजा था, जहां वेटिंग, चेकिंग और स्क्रूटनी के पश्चात टॉवर स्ट्रक्चर की डिजाइन को बेहतर माना गया। यही वजह है कि मप्र भी अब छत्तीसगढ़ की डिजाइन और तकनीक से अपने राज्य में 400 केवी के टॉवर बनाना चाहता है। इसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी और मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के बीच जबलपुर में एक अनुबंध हुआ है। इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (योजना, वाणिज्यिक एवं विनियामक मामले) केएस मनोठिया और मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक समीर नगोटिया (वाणिज्यिक एवं विनियामक मामले) ने हस्ताक्षर किए।



### मप्र की यह तकनीक बेहतर

जिस तरह से छत्तीसगढ़ की 400 केवी के टॉवर लगाने की तकनीक और डिजाइन बेहतर है, उसी तरह से मप्र की 220 केवी और 132 केवी के अतिउच्च दाब टॉवर की नेरो बेस डिजाइन बेहतर मानी जाती है, जिसमें कम जमीन का उपयोग करते हुए सकरे फाउंडेशन में विशाल टॉवर खड़े किए जाते हैं। खासकर शहर में जमीन की उपलब्धता कम होने पर इस डिजाइन की अधिक आवश्यकता होती है। इस डिजाइन में जहां सामान्य टॉवर के लिए जो जगह फाउंडेशन में लगती थी उससे अब लगभग आधी लगेगी। इससे टॉवर खड़ा करने में लगने वाली किसानों की कम जमीन प्रभावित होगी। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने इन दोनों टॉवर की डिजाइन देने के एवज में 2.89 करोड़ रुपए का शुल्क मांगा गया था। अब छत्तीसगढ़ के 400 केवी टॉवर की डिजाइन के बदले मध्यप्रदेश 220 केवी और 132 केवी नैरो बेस डिजाइन साझा कर रहा है, इससे छत्तीसगढ़ को 2.89 करोड़ रुपए का सीधा लाभ हो रहा है। छत्तीसगढ़ ट्रांसको के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि यह साझेदारी दोनों राज्यों की ऊर्जा अवसंरचना को और अधिक सक्षम बनाएगी तथा टेक्नो कमर्शियल क्षेत्र मे बड़ा नवाचार होगा। यह समझौता न केवल दोनों राज्यों के तकनीकी विकास को गति देगा, बल्कि क्षेत्रीय ऊर्जा सहयोग को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

## खबर संक्षेप

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को लेकर आरटीओ का घेराव 27 को

**रायपुर।** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के मामले में रायपुर के लाखों वाहन मालिकों को हो रही परेशानी को देखते हुए अनियमितता दूर करने, व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर 27 मई मंगलवार को कांग्रेसजनों के साथ आरटीओ का घेराव करेंगे। कांग्रेस पार्टी द्वारा मंगलवार को सुबह 11 बजे आरटीओ के जिला मुख्यालय रावांभाठा भनपुरी का घेराव किया जाएगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा, प्रदेश में लगभग 40 लाख वाहनों के नंबर प्लेट बदली जानी है ,अकेले रायपुर जिले में 10 लाख नंबर प्लेट लगाई जानी है। रायपुर में नंबर प्लेट लगाने का काम कुछ स्थान पर चल रहा है, जो वाहन मालिकों के साथ अपमानजनक व्यवहार करते हैं और नंबर प्लेट के साथ अवैध रूप से कर खरीदने के लिए दबाव बनाते हैं। रायपुर सहित पूरे प्रदेश के नागरिकों को नंबर प्लेट लगवाने के लिए केंद्रों में लगातार चक्कर काटने के साथ हो रही अनेक तरह की परेशानियां और अव्यवस्था को देखते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा 27 मई को सुबह 11 बजे आरटीओ के जिला मुख्यालय रावांभाठा भनपुरी का घेराव किया जाएगा।

### गड़रिया धनगर समाज का प्रदेश स्तरीय चुनाव आज

**रायपुर।** खैरागढ़ जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाजार अतरिया में 25 मई को गड़रिया धनगर का प्रदेश स्तरीय चुनाव होगा। साथ ही खैरागढ़ में मुख्य संगठन, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ का चुनाव होगा। चुनाव के बाद विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा होगी, जिसमें युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श सामूहिक विवाह और 10-12वीं में पास हुए छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह शामिल है। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष चंद्रपाल धनगर, मनोज धनगर, छोटेलाल धनगर, कपूरचंद धनगर, अजय हंसा, आशीष धनगर, धीरज धनगर, केदार धनगर, प्रकाश धनगर, संजय धनगर, राजा धनगर, बीरबल धनगर, संजय धनगर, पुरषोत्तम पाल, नारायण पाली, कुंभलाल धनगर, गोलू पाल सहित पूरे प्रदेश से महिला और युवा आदि उपस्थित रहेंगे।

### चाकू लेकर घूम रहे दो बदमाश गिरफ्तार



**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। खमतराई पुलिस को शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि रावांभाठा के पास एक युवक घूमकर लोगों को आतंकित कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी कुलजीत उर्फ झोल्टू सोनी निवासी डेरापारा रावाभांठा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी पहले भी चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है। इसी प्रकार दूसरे आरोपी अविनाश यादव निवासी शिव मंदिर के पास कुशालपुर को महाराजबंध तालाब सुलभ के पास चाकू रखकर संदिग्ध रूप से घूमते गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक, मौके पर एक की मौत, एक घायल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पुरानीबस्ती थाना क्षेत्र में भाठागांव के पास शुक्रवार देर रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। रोड किनारे बगैर संकेतक के खड़े ट्रक से युवक की बाइक टकराई थी। अंधेरा होने की वजह से बाइक चालक रोड में खड़े ट्रक में जा भिड़ा। मृतक और उसका साथी स्पोर्ट्स बाइक में टाटीबंध के रास्ते रायपुर आ रहे थे। सड़क दुर्घटना में संतराम धृतलहरे जिसकी उम्र 23 साल के करीब है और उसका साथी धनकुमार सोनवानी (22) गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मृतक की पहचान उसके आधार कार्ड के आधार पर की है। घटना स्थल के पास 50 मीटर के करीब टायर घिसटने के निशान मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि रोड में अचानक ट्रक देखने के बाद संतराम ने अपनी बाइक रोकने की कोशिश की, लेकिन स्पीड ज्यादा होने तथा स्पोर्ट्स बाइक होने से उसकी रफ्तार कम नहीं हो पाई और बाइक सीधे ट्रक से जा भिड़ी।

- **मृतक बलौदाबाजार का रहने वाला दोस्त के साथ घूमने निकला था**

***बगैर बताए चार दिन से निकले थे :*** घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस पूछताछ में परिजनों ने बताया कि संतराम तथा धनकुमार दोनों चार दिन पूर्व घर में बगैर जानकारी दिए निकले थे।

# माह खत्म होने के एक सप्ताह पहले राशन दुकानों में चावल तो कहीं नमक का भंडारण नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

चालू महीना को खत्म होने में अब सिर्फ एक सप्ताह बचा है, लेकिन अभी भी शहर की कई राशन दुकानों में डिमांड के अनुसार चावल, नमक और शक्कर का भंडारण नहीं किया गया है। यही कारण है कि हर रोज कई दुकानों के संचालक नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम प्रभारियों से खाद्यान्न भेजने के लिए वाट्सप ग्रुप में मैसेज से लेकर उन्हें मोबाइल पर संपर्क कर रहे हैं। इसके बाद भी दुकानों में समय पर खाद्यान्न की सप्लाई नहीं की जा रही है, जिसके कारण हितग्राही परेशान हो रहे हैं। दुकानों से न केवल खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, बल्कि बार-बार दुकान के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

***चुनौती से कम नहीं होगा तीन माह का भंडारण :*** शासन ने जून से तीन महीने का एक साथ खाद्यान्न बांटने का आदेश जारी किया है। इसके तहत सभी राशन दुकानों में डिमांड के अनुसार चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण किया जाना है, लेकिन नागरिक आपूर्ति निगम का एक माह का खाद्यान्न भंडारण करने में ही पसीना छूट रहा है। ऐसे में तीन माह का एक साथ खाद्यान्न भंडारण कराना निगम के लिए चुनौती से कम नहीं होगा।




**केस 1**

दुकान आईडी नंबर 1044 के संचालक ने वाट्सप ग्रुप के माध्यम से एपीएल चावल की डिमांड की है। दुकान संचालक ने एपीएल चावल की डिमांड करीब सप्ताहभर पहले की थी, जिसे अब तक पहुंचाया नहीं गया है।

**केस 2**

दुकान आईडी 1063 के संचालक ने भी वाट्सप ग्रुप के माध्यम से चावल की डिमांड की है। इस दुकानदार ने भी करीब 4 दिन पहले चावल की डिमांड की है, लेकिन अब तक भेजा नहीं गया है।

**केस 3**

दुकान आईडी 1292 के संचालक ने भी नमक भंडारण कराने की मांग की है। इसका भंडारण नहीं होने कारण हितग्राहियों को नमक लिए बगैर लौटना पड़ रहा है।

**कमीशनखोरी के कारण भंडारण में देर**

राशन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण हर महीने किया जाता है। सभी दुकानों में प्रति माह लगभग कितना भंडारण किया जाता है। इनमें कई दुकानों में जगह की कमी के कारण संचालक एक माह के भंडारण को किस्तों में डिमांड कर मंगाते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि तेजी से वितरण होने के कारण कई संचालक एक सप्ताह के भीतर ही खाद्यान्न की डिमांड करते हैं, वहीं कई संचालक निर्धारित प्रति माह के भंडारण के अलावा अतिरिक्त खाद्यान्न की डिमांड की जाती है। इसका फायदा अब गोदाम में बैठे प्रभारी से लेकर अन्य कर्मचारी उठाने लगे हैं। जल्दी सप्लाई के लिए दुकान संचालकों से कमीशन लिया जा रहा है। इसकी कई बार खाद्य विभाग में शिकायतें भी की गई है, लेकिन अभी तक कोई एक्शन लिया नहीं गया है।

**जांच कर करेंगे कार्रवाई**

नागरिक आपूर्ति निगम के गुढ़ियारी गोदाम की प्रभारी एवं अन्य कर्मचारी के खिलाफ कुछ दुकान संचालकों ने मौखिक रूप से कमीशन मांगने और नहीं देने पर देर से खाद्यान्न भेजने की शिकायत की है। इसकी जांच कर कार्रवाई करेंगे। - भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर

**गुढ़ियारी गोदाम में एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी का दबदबा**

गुढ़ियारी गोदाम में एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी का दबदबा है। बताया जा रहा है कि इस कर्मचारी के अनुसार ही राशन दुकानों में सप्लाई की जाती है। यानी कोई दुकान संचालक जितना खाद्यान्न की डिमांड करता है, कमीशन भी उसी प्रकार उससे मांगी जाती है। कमीशन देने वाले संचालकों को ही सबसे पहले खाद्यान्न की सप्लाई की जाती है, वहीं जो कमीशन नहीं देते हैं, उनकी दुकानों में 10 से 15 दिनों के बाद सामग्री भेजी जाती है।

# नाले में उतारी पोकलेन मशीन, 60 डंपर कचरा बाहर निकाला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहर के बड़े नालों की बारिश पूर्व सफाई कराने नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग जुटा हुआ है। इसी कड़ी में जोन 8 क्षेत्र के पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड स्थित अविनाश आशियाना अपार्टमेंट कबीर नगर फेज 4 के पीछे बड़े नाले की सफाई इन दिनों पोकलेन मशीन से कराई जा रही है। नाला सफाई के दौरान एक सप्ताह में 60 डंपर से अधिक कचरा नाले से बाहर निकाला जा चुका है। मशीन और मेनुवल दोनों माध्यम से नाले की सफाई का कार्य जारी है।

- **सप्ताहभर से मशीन से और मेनुवल सफाई**

इसकी मानिटरिंग नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही कर रही हैं। बारिश के समय रिहाइशी इलाकों में जल भराव रोकने नगर निगम जोनवार नाला सफाई अभियान चला रहा है। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर जोन 8 की टीम कबीर नगर फेस - 4 के पीछे के बड़े नाले की मशीन लगाकर सफाई करा रही है। इस दौरान बड़ी मात्रा में नाले में जाम कचरा निकाला जा रहा है। मुहाना खोलकर नाले के तले तक सफाई कराने जोन गैंग की भी मदद ली जा रही है, ताकि नाला ओवरफ्लो होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। नाला सफाई के समय जलीय वनस्पति के साथ प्लास्टिक पन्नी, मलबा और अन्य तरह के जमा अपशिष्ट बाहर निकाले जा रहे हैं।

# पीसीसीएफ ने दिए जंगल सफारी के आधा दर्जन बॉयोलॉजिस्ट को निकालने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

एशिया का सबसे बड़ा मानव निर्मित जंगल सफारी मनमानी करने का सबसे बड़ा अड्डा बन गया है। ताजा मामला यह है कि पीसीसीएफ वन्यजीव की बगैर अनुमति आधा दर्जन के करीब बॉयोलॉजिस्ट नियुक्त करना है। नियुक्त बॉयोलॉजिस्ट को पिछले डेढ़ वर्षों से हर माह 35 से 45 हजार रुपए भुगतान किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल ने सभी बॉयोलॉजिस्ट को तत्काल प्रभाव से नौकरी से निकालने का आदेश जारी किया है। उक्त सभी बॉयोलॉजिस्ट की नियुक्ति तत्कालीन जंगल सफारी डायरेक्टर धमशील गणवीर के कार्यकाल में की गई है।

- **पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने सीसीएफ वाइल्ड लाइफ से मांगा जवाब**

पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने निर्देश जारी कर सीसीएफ वाइल्ड लाइफ से जवाब मांगा है। जारी निर्देश पत्र में उल्लेख किया गया है कि सफारी में नियम विरुद्ध विषय विशेषज्ञों को कार्य पर रखे जाने के कारण पहले से कार्यरत श्रमिकों के मासिक भुगतान में बजट की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिना कार्य की आवश्यकता एवं स्वीकृति के रखे विषय विशेषज्ञों को प्रतिमाह 35 से 45 हजार का भुगतान किया जा रहा है, जिसके लिए उन्हें तत्काल कार्य से पृथक किया जाए।




### छात्रों को किया गुमराह

सुरक्षा कारणों से छात्रों को लैपर्ड सेंसेस कराने ले जाने का विरोध किया गया था। पीसीसीएफ के आदेश के बाद छात्रों को कोर एरिया में नहीं ले जाया गया। इस पर छात्रों को गुमराह करते हुए कहा गया कि याचिका लगने की वजह से उन्हें कोर एरिया में नहीं ले जाया जा रहा है। इससे छात्रों में भी लैपर्ड सेंसेस कराने के तरीके को लेकर गहरी नाराजगी थी। बताया जा रहा है, लैपर्ड सेंसेस कराने छात्रों से एक-एक हजार रुपए जमा कराए गए थे, हालांकि इस बात की अधिकृत तौर पर पुष्टि नहीं हुई है।

### पीसीसीएफ के आदेश की अनदेखी

दस दिन पूर्व बलौदाबाजार डीएफओ धमशील गणवीर ने बारनवापारा में तेंदुआ की गणना के लिए 40 से 50 के करीब वन्यजीव प्रेमी स्कूली तथा कालेज छात्रों को एकत्र किया था। उन सभी को कोर एरिया में ले जाकर लैपर्ड सेंसेस करने ले जाना था। शिकायत के बाद पीसीसीएफ ने वह कार्यक्रम रद्द करने आदेश जारी किया। सूत्रों के मुताबिक 13 मई को बलौदाबाजार में ट्रेनिंग देने के बाद सभी छात्रों को 14, 15 तथा 16 मई को बारनवापारा के बफर जोन में घुमाया गया, जहां उन्हें एक जगह तेंदुआ के पग मार्क मिले। उस टीम में जंगल सफारी के एक बॉयोलॉजिस्ट को भी शामिल किया गया था।

### इस बात को लेकर भी जानकारी मांगी गई

पीसीसीएफ वन्यजीव कार्यालय ने 15 दिन पूर्व आठ मई को शिकायत पत्र के आधार पर सीसीएफ कार्यालय को पत्र जारी कर जानकारी मांगी थी, जिसमें जंगल सफारी के तत्कालीन डायरेक्टर ने बॉयोलॉजिस्ट नियुक्त करने कब अनुमति ली थी, बॉयोलॉजिस्ट को किनके आदेश पर रखा गया तथा अब तक उन बॉयोलॉजिस्ट को कितने का भुगतान किया गया, इस संबंध में जांच कर प्रतिवेदन देने निर्देश दिए गए।

# अधिकारियों ने किया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का निरीक्षण



**रायपुर।** रेसिडेंट को-ऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव से मुलाकात की थी। इसी दौरान अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को कॉलोनी का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे, जिसके परिपालन में शनिवार को सुबह हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी नितेश कश्यप, उपायुक्त शीतेश साहू वहां निरीक्षण करने पहुंचे। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बोर्ड के अधिकारियों को कॉलोनी की मुख्य समस्या बाउंड्रीवॉल की मरम्मत, तीसरे गेट को समय पर खोलने-बंद करने, निर्माण क्षेत्र में गार्ड नियुक्त कराने, पानी सप्लाई लाइन में लीकेज सुधारने, टूटे हुए चैंबरों की मरम्मत, नालियों की सफाई, पानी स्टोर टंकी की सफाई, सेंट्रल गार्डन में पानी की उचित निकासी बनाने आदि विषयों से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान सोसाइटी के संरक्षक कुलेश देवांगन, अध्यक्ष अनिल सिन्हा, कोषाध्यक्ष बीआर साहू, सक्रिय सदस्य किशोर भूआर्य, अखिलेश साहू एवं अन्य पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे।

## पेज 09 के शेष ...

### पांच माह में यात्रियों ...

टाटा-इतवारी, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों के रद्द होने से रेलवे की आय में गिरावट आई है। अप्रैल में 80 से अधिक ट्रेनों को रद्द किया गया, जिनमें से कई लगातार 14 दिनों तक नहीं चलीं। मार्च और मई में भी 120 ट्रेन नहीं चली। इसके अलावा पैसेंजर ट्रेनों की बात करें तो पिछले तीन महीनों में 100 से अधिक लोकल ट्रेनें रद्द की गई हैं।

### मेमू ट्रेन नहीं ....

मुख्य कारण ट्रैक मेंटेनेंस, नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य और नई लाइनों का निर्माण है। हालांकि, यात्रियों का आरोप है कि मालगाड़ियों का संचालन नियमित रूप से हो रहा है, जबकि यात्री ट्रेनों को बार-बार रद्द किया जा रहा है।

### आंबेडकर अस्पताल के ....

सुधार करवाते-करवाते काफी वक्त लग गया था। शनिवार सुबह लगभग 4.30 बजे कमरे में रखे इनक्यूबेटर मशीन से वहां मौजूद कर्मचारियों ने धुआं उड़ता देखा। कर्मचारी कुछ समझ पाते, इससे पहले उसमें से आग की लपटें निकलने लगीं। आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों ने इसकी जानकारी अस्पताल में मौजूद फायर फाइटर कर्मियों को दी। अस्पताल में मौजूद फायर एक्सटिंग्विशर सिलेंडर की मदद से आग को बुझाया और आग पर काबू पा लिया। इसमें किसी प्रकार की कोई बड़ी हानि तो नहीं हुई, मगर इनक्यूबेटर मशीन जलकर नष्ट हो गई है। इस मशीन का उपयोग मरीजों द्वारा लिये जाने वाले यूरिन सहित अन्य तरह के सैंपलों को एकत्रित कर रखने में किया जाता है। अस्पताल में मौजूद आपात चिकित्सा अधिकारी की सूचना पर चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष पटेल अस्पताल पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने जांच के निर्देश दिए हैं। इस बारे में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अस्पताल प्रबंधन से घटना की जानकारी ली और जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसको लेकर अस्पताल प्रबंधन ने साथ ही साथ पीडब्ल्यूडी विभाग के ईएंडएम विभाग से भी इस संदर्भ में जानकारी मांगी है। एहतियात के तौर पर अस्पताल की ओर से अग्निशमन विभाग को भी सूचना दे दी गई थी। अग्निशमन विभाग की टीम भी समय पर अस्पताल पहुंची, मगर उनकी जरूरत नहीं पड़ी।

GRAND OPENING
करन मोटर्स
का 4000 स्वायर फीट में
नया शोरूम ओपन
शोरूम ऑपनिंग की खुशी में
SPECIAL OFFER
ऑफर
कोई भी पुरानी ई रिक्शा 4 बैटरी वाली लायें और लिथियम बैटरी वाली ई रिक्शा लेकर जायें बिना किसी डाऊनपेमेंट के 3 साल की वारंटी के साथ
आपकी पुरानी ई रिक्शा का 40000/- पाएं
0% डाऊनपेमेंट
कर्मा मेडिकल स्टोर के सामने कर्मा चौक, रामनगर रायपुर
98267 77050, 95845 00013

ADMISSION OPEN
Pt. HARISHANKAR SHUKLA SMRITI MAHAVIDYALAYA
Visit us: www.harishankargroup.com
college.harishankar95@gmail.com
Courses Offered
B.Com. M.Com BBA B.C.A.
B.Sc (BIO, Maths, CS) B.A. DCA PGDCA MSC (CS) B.Ed
M.Ed. B.P.Ed. YOGA BPE Ph.D (Education)
Pt . Harishankar Shukla Higher Secondary English Medium School
ADMISSION OPEN 2025-26
NURSERY TO CLASS 12th
• Arts • Commerce • Science
College Add.: Kachna Road, Raipur (C.G.),
Ph: 0771-2972745, 98271-45244, 98931-11644, 9516011224/25
School Add.: Main Road, Shankar Nagar, Raipur (C.G.),
Ph: 0771- 4056182, 9516011227, School Add.: HPS Main Road, Kachna, Raipur, Mo: 9827174657, Email: hsems95@gmail.com

## खबर संक्षेप

### एक राष्ट्र-एक चुनाव पर संगोष्ठी कल

**रायपुर।** कैट की प्रदेश इकाई द्वारा सोमवार को सिविल लाइन स्थित वृंदावन सभागार में शाम 4 बजे से एक राष्ट्र - एक चुनाव पर संगोष्ठी और सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि, अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग विभाग एवं अल्पसंख्यक विभाग के मंत्री रामविचार नेताम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी एवं भाजपा के शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर शामिल रहेगें।

### कांट्रेक्टर एसोसियेशन की बैठक आज

**रायपुर।** एकता कांट्रेक्टर एसोसियेशन की बैठक पंडरी स्थित हॉटल पुनीत में 25 मई को दोपहर 3 बजे से आयोजित है। इसमें ठेकेदारों के कार्यआदेश, भुगतान में विलंब विषय पर चर्चा की जाएगी। एसोसियेशन के अध्यक्ष यशवंत पुरोहित ने बताया कि बैठक में भोपाल, जबलपुर, नागपुर, छत्तीगसढ़ के विभिन्न शहरों से ठेकेदार शामिल होंगे।

### श्याम मंदिर में 28 से श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

**रायपुर।** मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच, युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई द्वारा 28 मई से 3 जून तक समता कॉलोनी स्थित श्याम खाटू मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।



वृंदावन के मशहूर कथा वाचक, विद्वान पंडित डॉ. संजय कृष्ण सलिल भक्तजनों को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। भागवत कथा आयोजन समिति के संयोजक विष्णु गोयल और कन्हैया अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस भक्तिमय आयोजन में अलग-अलग दिन भगवान की अलग-अलग लीलाओं का मंचन भी होगा। 28 जून को सुबह भागवत भगवान की शोभायात्रा निकलेगी। इसके बाद प्रथम दिवस की कथा शाम 4 बजे से खाटू श्याम मंदिर में प्रारंभ होगी। भक्तजनों के लिए भंडारा-प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

### कांग्रेसियों ने कुम्हारी टोल प्लाजा बंद कराने चलाया 'हस्ताक्षर अभियान'



**रायपुर।** कुम्हारी टोल प्लाजा बंद किए जाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने शनिवार को 'हस्ताक्षर अभियान' चलाकर आम जनता से हस्ताक्षर लिए। इस हस्ताक्षर के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण और अनियमितताओं में संलिप्त एजेंसी अथवा व्यक्तियों पर विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर श्री उपाध्याय के नेतृत्व में समस्त कांग्रेसजन न्यायालय पहुंचेंगे। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने शनिवार को इस कुम्हारी टोल प्लाजा में फ्री वाहनों की एंट्री के लिए जो ओपन रास्ता है, वहां पर लगाए गए स्कैनिंग कैमरे को काले पेंट से पोतकर उसे बंद कर दिया।

# छात्रों की भाषा संबंधित जरूरतों का होगा आकलन, शुरुआती पढ़ाई होगी मातृभाषा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन ने नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के तहत सभी स्कूलों के लिए नई गाइडलाइन जारी कर दी है। यह गाइडलाइन 3 से 11 साल के बच्चों की पढ़ाई की भाषा को लेकर जारी की गई है। इसके मुताबिक 3 से 11 साल के बच्चों की शुरुआती पढ़ाई उनके मातृभाषा में कराई जाएगी। सीबीएसई ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वो मई अंत तक स्कूल में एक कमेटी बनाएं जो एनसीएफ के द्वारा जारी गाइडलाइन को अमल में लाने का काम करेंगे।

- आसानी से सीख सकें बच्चे इसलिए प्रयोग

यह कमेटी छात्रों के मातृभाषा, संसाधन और करिकुलम पर कार्य करेगी। इस कमेटी का काम छात्रों की भाषा जरूरतों का आकलन करना और टीचिंग मटेरियल तैयार करवाना होगा। इस गाइडलाइन को जारी करने का मकसद बच्चों को उनके मातृभाषा में मजबूत आधार देना है। बोर्ड के अनुसार, छात्रों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने से उन्हें चीजों को आसानी से सीखने में मदद मिलेगी।

### हर माह भेजनी होगी रिपोर्ट

नई गाइडलाइन सभी सीबीएसई स्कूलों में जुलाई अंत तक लागू हो जाने का निर्देश जारी किया गया है। जारी नई गाइडलाइन में शिक्षकों को ट्रेनिंग देने के अलावा यह भी कहा गया कि स्कूल जुलाई से हर महीने की पांच तारीख तक इसे लागू करने की स्टेटस रिपोर्ट बोर्ड को भेजें। रिपोर्ट भेजने को लेकर बोर्ड ने एक लिंक भी जारी किया है। सीबीएसई ने कहा कि गर्मियों की छुट्टी तक सभी स्कूलों को सिलेबस और नई भाषा में बच्चों को पढ़ाने का टीचिंग मटेरियल तैयार करना होगा। नई गाइडलाइन को स्कूल में लागू करने से पहले शिक्षकों को ट्रेनिंग और वर्कशॉप पूरी करनी होगी।

### स्कूलों में बनाई जाएगी कमेटी, इसके जरिए लागू किया जाएगा नया नियम




### चार भागों में बांटा गया है पाठ्यक्रम

नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के अंतर्गत पाठ्यक्रम को चार भागों में बांटा गया है। इसमें फाउंडेशन स्टेज, प्रिपरेटरी स्टेज, मिडिल स्टेज और सेकेंडरी स्टेज शामिल है। विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार यह विभाजन किया गया है। सीबीएसई की गाइडलाइन फाउंडेशन और प्रिपरेटरी स्टेज को लेकर जारी की गई है। इसके मुताबिक, फाउंडेशन स्टेज के बच्चों को उसकी मातृभाषा में ही गाइडेंस दिए जाएंगे, उनकी बुनियादी पढ़ाई उनके मातृभाषा में कराई जाएगी।

## खुद का भवन नहीं होने से परेशानी, आउटर के 2 जोन सामुदायिक भवन में संचालित

# आश्रय स्थल के पास बन रहा जोन 9 का नया दफ्तर, 4 माह के अंदर होगा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वार्ड पुनर्गठन के बाद से आउटर में संचालित नगर निगम के 2 जोन दफ्तर 5 साल से सामुदायिक भवन में संचालित हो रहे हैं। खुद का भवन नहीं होने से न तो जोन के अधिकारियों व कर्मचारियों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है, न ही गाड़ियों को सुरक्षित रखने पार्किंग की व्यवस्था। ऐसे में जोन 9 कमिश्नरी के लिए 1.50 करोड़ की लागत से शंकर नगर अशोका रतन के पास आश्रय स्थल के पास नया जोन दफ्तर भवन निर्माण कराया जा रहा है। 4 माह में यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा। वहीं जोन 10 कमिश्नरी अभी अमलीडीह के सामुदायिक भवन में लग रही है।

नगर निगम के 10 जोन में से 2 जोन ऐसे हैं, जिनके लिए नगर निगम आज तक खुद का जोन कार्यालय नहीं बनवा पाया है। पिछले पांच साल से मोवा थाने के पास सामुदायिक भवन में जोन 9 दफ्तर का संचालन किया जा रहा है। इसमें 7 वार्डो के लोग अपनी समस्याओं के लिए पहुंचते हैं। सामुदायिक भवन छोटा होने व पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से जोन दफ्तर आने-जाने वालों की गाड़ियां सड़क पर पार्क की जाती हैं। वहीं नगर निगम के वाहन के सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से दिक्कत आ रही है। यही हाल अमलीडीह स्थित जोन 10 कमिश्नरी दफ्तर का है, लोगों के सामाजिक, पारिवारिक और अन्य प्रयोजन के लिए बनाये गये सामुदायिक भवन का उपयोग नगर निगम जोन 10 दफ्तर के रूप में कर रहा है। आउटर में स्थित जोन 9 और जोन 10 के पास खुद का भवन नहीं होने से यह स्थिति निर्मित हुई है।

### जोन 10 बजाज कालोनी में पानी टंकी के पास जोन 10 दफ्तर बनाने भेजा है प्रस्ताव



### अमलीडीह के सामुदायिक भवन में चल रहा जोन 10 का दफ्तर



पिछले 5 साल से नगर निगम जोन 10 का दफ्तर अमलीडीह के सामुदायिक भवन में चल रहा है। विडंबना ये है कि 7 वार्डों में समाहित जोन 10 कमिश्नरी का अपना खुद का जोन दफ्तर अब तक नहीं बना पाया। हालांकि नया जोन कार्यालय भवन बनाने के लिए 1.50 करोड़ का प्रस्ताव शासन स्तर पर मंजूरी के लिए भेजा गया है, पर शासन स्तर पर स्वीकृति लंबित है। बजाज कालोनी में नगर निगम की पानी टंकी के पास पर्याप्त जगह है, इस जगह को जोन 10 कमिश्नरी का कार्यालय खोलने के लिए प्रस्तावित किया गया है।

### आश्रय स्थल के पास बन रहा नया जोन दफ्तर

नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी के लिए वीआईपी रोड स्थित आश्रय स्थल के पास 1 करोड़ रुपये करोड़ की लागत नया जोन कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक 4 माह के अंदर यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा। इस नये भवन के बनने से जोन 9 कमिश्नरी के 7 वार्ड के रहवासियों को एक सुविधायुक्त जोन कार्यालय मिल सकेगा। वहीं मोवा में पुलिस थाना के पास सामुदायिक भवन खाली होने से वार्ड वासी इसका उपयोग पहले की तरह विभिन्न सामाजिक, धार्मिक सहित अन्य प्रयोजन में कर सकेंगे। जोन अध्यक्ष गोपेश साहू का कहना है, वार्ड पुनर्गठन के बाद से जोन 9 कमिश्नरी के लिए खुद भवन निर्माण की मांग करते हुए प्रस्ताव भेजा गया था। इसे शासन स्तर पर मंजूरी मिलने के बाद नया जोन दफ्तर का निर्माण कराया जा रहा है।

# चंदनीडीह ट्रीटमेंट प्लांट से रोजाना 18 मिलियन लीटर उपचारित पानी का उपयोग करेगा एनएसपीसीएल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनएसपीसीएल भिलाई और रायपुर नगर निगम ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। चंदनीडीह स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से प्रतिदिन 18 मिलियन लीटर उपचारित जल अब एनएसपीसीएल उपयोग में लेगा। इसके लिए जल्द ही प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार की जायेगी। उपचारित जल को संयंत्र तक ले जाने के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य एनएसपीसीएल वहन करेगा।

- एनएसपीसीएल भिलाई और रायपुर नगर निगम के बीच एमओयू
- पाइपलाइन बिछाने का खर्च एनएसपीसीएल वहन करेगा

नगर निगम के चंदनीडीह सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल अब उद्योगों के काम आएगा। इससे नगर निगम को जहां राजस्व की प्राप्ति होगी, वहीं उपचारित जल बेकार नहीं जायेगा। शनिवार को एनएसपीसीएल के भिलाई कार्यालय में इस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। अपर आयुक्त विनोद पांडे, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के सहायक अभियंता योगेश कडु, एनएसपीसीएल के बिजनेस यूनिट हेड नील कुमार शर्मा और जीएम आलोक सिंह की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर कर इसका आदान-प्रदान हुआ। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन और महापौर मीनल चौबे के दिशा-निर्देश पर उपचारित जल के दोबारा उपयोग को लेकर यह पहल की गयी है। इस पहल से एनएसपीसीएल की ताजे व मीठे पानी के स्त्रोतों और भू-जल पर निर्भरता कम होगी। गौरतलब है कि चंदनीडीह स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 75 मिलियन लीटर प्रतिदिन है। नाले-नदियों से होकर बहने वाले गंदे पानी को उपचारित कर औद्योगिक इकाइयों को प्रदान करने से जहां भूजल स्त्रोतों का संरक्षण होगा, वहीं नदी-नालों का जल दूषित होने से बचेगा।

# आक्सीजोन चौक पर वनभैंसा प्रतिकृति को लोकार्पण का इंतजार, लाखे नगर चौक पर बैठेगा मोर, चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आक्सीजोन चौक के पास राजकीय पशु वनभैंसा की प्रतिकृति लोगों का बरबस ही ध्यान आकर्षित कर रही है, इसे लोकार्पण का इंतजार है। वहीं लाखेनगर चौक पर राष्ट्रीय पक्षी मोर की विशाल प्रतिकृति लगाकर चौक की सुंदरता निखारने की तैयारी है। मोर की प्रतिकृति बनाने का काम जोर-शोर से चल रहा है, तीन माह के अंदर शहरवासियों को इस चौक का नजारा बदला-बदला सा नजर आएगा। सड़क चौड़ीकरण के बाद चौक पर जहां मोर की आकृति लगाई जाएगी, उस जगह पर मिट्टी फिलिंग का कार्य इस समय चल रहा है।

महात्मा गांधी सदन के पास पहाड़ी मैना की चित्ताकर्षक आकृति लगाने के बाद अब लाखेनगर चौक पर मोर बैठेगा। नगर निगम ने लाखेनगर चौक को सुव्यवस्थित बनाने सड़क चौड़ीकरण के बाद सौंदर्यीकरण का कार्य सीएसआर मद से कराने का काम शुरू किया है। सन एंड सन समूह के माध्यम से इस चौक को सुंदर बनाने राष्ट्रीय पक्षी मोर की विशाल प्रतिकृति तैयार करायी जा रही है। आने वाले समय में लाखेनगर चौक पर मोर की सुंदर प्रतिकृति देखने को मिलेगी। इसी तरह वन विभाग द्वारा विकसित आक्सीजोन चौक के समीप राजकीय पशु वनभैंसा की विशाल प्रतिकृति लगकर तैयार है। अभी इसे काले रंग की पन्नी से ढंककर रखा गया है, वनभैंसा को लोकार्पण का इंतजार है।

### राजधानी के चौराहों का सौंदर्यीकरण




**जल्द होगा लोकार्पण**

आक्सीजोन चौक पर राजकीय पशु वनभैंसा की प्रतिकृति का लोकार्पण जल्द होगा, लाखेनगर चौक सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। चौक को सुंदर स्वरूप देने राष्ट्रीय पक्षी मोर की सुंदर प्रतिकृति तैयार करायी जा रही है। इससे आने वाले दिनों में यह चौक सुंदर व सुव्यवस्थित दिखने लगेगा। - **विश्वदीप**, आयुक्त, नगरनिगम रायपुर

# ट्रेनों में कोच लगाने के बाद भी कम नहीं हुई भीड़ ठसाठस भरी बोगियों में महसूस होने लगी घुटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के साथ ट्रेनों में भीड़ भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। रेलवे ने जोन की 22 ट्रेनों में दोनों तरफ जनरल कोच लगा दिए, इसके बाद भी ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हुई है। लंबी दूरी की ट्रेनों में मेले के समान भीड़ रोजाना देखने को मिल रही है। कोच के भीतर उमस भरी गर्मी से यात्रियों की तबीयत खराब हो रही है, तो कई यात्री बेहोश भी होने लगे हैं। रेलवे ने भीड़ कम करने स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया था, लेकिन इससे भी यात्रियों को भीड़ से राहत नहीं मिल पाई है। इन ट्रेनों का परिचालन समाप्त होने के बाद फिर ट्रेनों में भीड़ दोगुनी हो जाएगी। शनिवार को हावड़ा-अहमदाबाद, पुरी एक्सप्रेस समेत छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में भारी भीड़ देखने को मिली। अतिरिक्त कोच लगाने के बाद भी ट्रेनों में यात्रियों का दबाव कम नहीं हो रहा है। रायपुर से महानगरों को जाने वाली ट्रेनों में भीड़ अपेक्षाकृत कम है। बड़ी संख्या में यात्री मुंबई, दिल्ली और हावड़ा से रायपुर लौट रहे हैं।

### ट्रेनों में भारी भीड़, यात्रियों को नहीं मिल रही राहत स्लीपर और जनरल कोच में मेले जैसी भीड़



**दरवाजे पर लटकते हुए सफर**

ट्रेनों में भीड़ इस कदर बढ़ गई है कि यात्रियों को दरवाजे पर लटकते हुए सफर करना पड़ रहा है। ट्रेनों में नो रूम होने से जनरल कोच में तय सीमा से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। यह लापरवाही रेलवे को भारी भी पड़ सकती है। 50 से अधिक समर स्पेशल चलाए जाने के बाद भी ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हो रही है। आने वाले समय में ट्रेनों में भीड़ और भी बढ़ेगी। शनिवार को रायपुर स्टेशन ठसाठस था। ट्रेन के रुकते ही वहां अफरातफरी के हालात थे। यात्री सीट तक पहुंचने के लिए जंग लड़ते नजर आए। बाहर गेट तक पहुंचने का झगड़ा और भीतर सीट नहीं, बल्कि खड़े रहने की जगह के लिए मारामारी। भरी दोपहरी पसीने से तरबतर यात्रियों की हालत ऐसी थी कि पहले से ठसाठस भरी बोगियों में घुटन महसूस होने लगी।

## रिंग रोड, प्रोफेसर कालोनी में जलभराव

**रायपुर।** राजधानी में शनिवार को बारिश होते ही वामनराव लाखे वार्ड केम प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 3, गली नंबर 4 में नाली का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर भर गया। गंद पानी के निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानी हुई। इसी तरह भाठागांव के सर्विस रोड में बारिश का पानी गडढ़ों में भरने और बजरी उखड़कर सड़क पर बिखरने से इस मार्ग में आने-जाने वालों को असुविधा हुई। लीली चौक के पास पेयजल पाइप लाइन के लिए नगर निगम द्वारा खोदे गये गड्ढे के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। समता कालोनी मुख्य मार्ग में पानी भरने और नाली की गंदगी सड़क पर बहने से शहरवासी परेशान रहे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### वी वाय हॉस्पिटल बना अत्याधुनिक लेप्रोस्कोपिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी का हब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित वी वाय हॉस्पिटल ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब यहां महानगरों जैसी अत्याधुनिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह हॉस्पिटल प्रदेश के सबसे बड़े मल्टी-सुपरस्पेशलिटी संस्थानों में से एक है, जहां मेडिसिन, ऑर्गन ट्रांसप्लांट, कैंसर ट्रीटमेंट, न्यूरो, कार्डियक, ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रो और इमरजेंसी सहित कई विभागों में उन्नत इलाज की व्यवस्था है। लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग की अगवाई कर रहे रायपुर के प्रख्यात सर्जन डॉ. विष्णु गुप्ता द्वारा यहां अत्याधुनिक और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की जाती है। इस तकनीक के माध्यम से हर्निया, पित्त की थैली, अपेंडिक्स, बच्चेदानी की गांठें, छोटी और बड़ी आंत की बीमारियों का सफल इलाज संभव हो पाया है।



- अब महानगरों जैसी सुविधाएं रायपुर में उपलब्ध

### विप्र महाविद्यालय का 30वां स्थापना दिवस, नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

**रायपुर।** विप्र महाविद्यालय ने अपने 30वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया, जिसमें विप्र पब्लिक स्कूल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। इस ऐतिहासिक मौके पर राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शंकराचार्य सदानंद सरस्वती ने समारोह की गरिमा को बढ़ाया। विप्र महाविद्यालय तीन दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल पेश कर रहा है। नया भवन रायपुर शहर के विद्यार्थियों के लिए उन्नत शैक्षिक सुविधाएं और नवीन अवसर प्रदान करेगा। यह परियोजना छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सहयोग और छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के संचालन में पूर्ण हुई है। इस अवसर पर विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि विप्र महाविद्यालय द्वारा 30 वर्षों से न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त करते हुए विप्र पब्लिक स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण रायपुर शहर के बच्चों के लिए निश्चित ही नए अवसर का द्वारा खोलेगा।





हरिभूमि
रायपुर, रविवार 25 मई 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

प्रेम, विवाद और हंसी का अनोखा संगम...

## लाइव इवेंट

## स्पिरिट डांसर सीजन-2, ऑडिशन देने पहुंचे बच्चे, युवाओं की भी भीड़



**रायपुर।** शहर के डांस प्रेमियों को मंच देने के उद्देश्य से स्पिरिट डांसर सीजन-2 का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों ने ऑडिशन में हिस्सा लेकर अपने टैलेंट और उत्साह से फाइनल राउंड के लिए अपना नाम दर्ज कराया। शनिवार को देर शाम तक हुए कार्यक्रम में प्रदेशभर के होनहार डांस प्रेमियों ने हिस्सा लिया। मैग्नेटो मॉल में आयोजित डांस सीजन में सैकड़ों लोग ऑडिशन देखने पहुंचे, वहीं पहले दिन सौ से अधिक प्रतिभागियों ने डांस किया।

### बॉलीवुड के फिल्मी गीतो पर प्रस्तुति

इस दौरान फिल्मी गानों पर हिपहॉप, स्लो-मोशन, जैज, सेमी क्लासिकल, कंटेंपरेरी, बॉलीवुड डांस फॉर्म में नन्हे बच्चों ने डांस किया। ऑडिशन में 40 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह कॉम्पिटिशन तीन केटेगरी में आयोजित किया गया है, जिसमें सब-जूनियर 4 से 7 वर्ष, जूनियर 8 से 13 वर्ष, सीनियर 14 से 20 वर्ष और ओपन केटेगरी में 21 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को मौका दिया गया। जहां व्यक्ति के हुनर के अनुसार नंबर दिए जा रहे हैं।

### ग्रैंड फिनाले आज

दूसरे दिन 25 मई को ग्रैंड फिनाले है, आज शाम 5 से 9 बजे तक कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। जहां विजेता को 15 हजार का विनिंग प्राइज दिया जाएगा। कॉम्पिटिशन में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देखने को मिली, जहां सोलो, डुएट और ग्रुप केटेगरीज में लोग शामिल हो रहे। आज शाम से ही लोगों की भीड़ मॉल में देखने को मिलेगी, जो बच्चों और विजेता प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने पहुंचेगी।

अचानक हार्ट प्रॉब्लम के नुकसान से बचना है तो फैमिली मेडिकल हिस्ट्री की जानकारी रखें

# दिल की समस्या जानने हर 6 महीने में ट्रेड मिल टेस्ट इको कार्डियोग्रॉफी, ईसीजी, होल्टर टेस्ट कराएं खिलाड़ी

कहावत है पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे बनोगे पहलवान.....पर तेजी से बदल रही जीवनशैली ने खेलने-कूदने वालों को भी दिल का मरीज बना दिया है। ऐसे हालात में खेल मैदान पर हजारों लोगों की दिलों की धड़कन बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को अब अपना दिल संभालकर खेलने की जरूरत है, ताकि मैदान पर खेल का मजा बरकरार रह सके, क्योंकि आजकल अचानक ही खिलाड़ियों में हार्ट प्रॉब्लम के बढ़ते केसेस ने उनके दिल की रफ्तार बढ़ा दी है।



**रायपुर।** खिलाड़ी अपने दिल को सेहतमंद बनाकर खेल के मैदान पर पूरी फिटनेस व ताजगी के साथ कैसे खेल सकें, खिलाड़ियों में अचानक से हार्ट संबंधित बीमारी बढ़ने के कारण, इससे बचने के उपाय क्या हो सकते हैं, इस पर शहर के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञों से हरिभूमि की टीम ने खास बातचीत की। शहर के जानेमाने हृदय रोग विशेषज्ञों का कहना है कि अगर प्रोफेशनल खिलाड़ियों को सेहतमंद दिल के साथ लंबे समय तक खेल के मैदान पर खेलते रहना है तो उन्हें सबसे पहले अपने खानपान, योग-व्यायाम, अभ्यास को लेकर अतिरिक्त सजगता बरतनी होगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराधा दुबे का कहना है कि तेजी से बदलती जीवनशैली में खिलाड़ियों को अब अपने स्पोर्ट्स काम्पीटिशन स्ट्रेस, वर्कआउट और प्रोटीन डोज को संतुलित करना पड़ेगा, क्योंकि खिलाड़ियों का दिल बीमार होने के प्रमुख वजह उनका असंतुलित खेल अभ्यास रुटीन है। इससे सजग रहकर खिलाड़ी दिल के बीमारी का शिकार होने से बच जाएंगे।

सेहतमंद दिल के लिए मन और शरीर को तनावमुक्त रखने संतुलित व्यायाम, अभ्यास, भोजन पर ध्यान दें

### हैवी रिस्क खेल के खिलाड़ी हर 6 महीने में कराएं चेकअप

हृदय रोग विशेषज्ञ एवं विभागाध्यक्ष कार्डियोलाजी एसीआई आंबेडकर अस्पताल डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने इस विषय पर अपना परामर्श देते हुए बताया कि ऐसे प्रोफेशनल खिलाड़ी, जिनके परिवार में हार्ट अटैक से 35 वर्ष की उम्र तक किसी की जान जाने का इतिहास है तो ऐसे खिलाड़ी प्रत्येक 6 महीने में अपनी हार्ट संबंधित जांच को लेकर जागरूकता बरतें। इसके अलावा प्रोफेशनल खिलाड़ियों को अधिक शारीरिक वर्कआउट भी करने होते हैं, साथ ही उन्हें खेल के मैदान पर मानसिक प्रेशर का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में खिलाड़ी नियमित जांच से हार्ट की बीमारी से असमय होने वाले नुकसान से बच जाएंगे।

### ये जांच बेहद जरूरी

*हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि हार्ट के बीमारी की समय से पहले जांच व इलाज से खिलाड़ियों को बचाया जा सकता है। इसके लिए हार्ट संबंधित प्रमुख मेडिकल टेस्ट ट्रेडमिल टेस्ट, इको कार्डियोग्रॉफी, ईसीजी, होल्टर जैसी आवश्यक जांच है। इसके माध्यम से हार्ट से जुड़ी सभी समस्याओं का पता लगाया जाता है। समय रहते यह जांच हार्ट से संबंधित बीमारियों के उपचार में मददगार है। प्रोफेशनल खिलाड़ियों को रुटीन जांच कराते रहनी चाहिए।*

### भोजन और नींद पर ध्यान देना बेहद जरूरी



*शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने ध्यान करें। हार्ट अटैक से बचने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना सबसे महत्वपूर्ण है। इसमें स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान और शराब से दूर रहना, ब्लडप्रेशर और शुगर को नियंत्रित रखना, तनाव कम करना और नियमित स्वास्थ्य जांच शामिल है। वहीं भरपूर मात्रा में नियमित नींद भी जरूरी है।*

## सिटी इवेंट

## कलाकारों ने कैनवास पर मां के मातृत्व की जीवंत तस्वीर उकेरी



**रायपुर ।** मेरी मां राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी-2025 में चित्रकारी के अनोखे रंग देखने को मिले। आयोजन का उद्घाटन महाकोशल कला परिषद में हुआ। इस चित्रकारी कला प्रदर्शनी में देश के अलग-अलग राज्यों के प्रतिष्ठित युवा, महिला एवं बाल कलाकारों द्वारा मेरी मां थीम पर कैनवास पर मातृत्व के विविध रूपों को उकेरा गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाकोशल आर्ट गैलरी में मुख्य अतिथि डॉ. केपी शर्मा ने गोधुली बेला में किया। प्रदर्शनी अवलोकन के बाद डॉ. शर्मा ने कहा कि मां पर कला प्रदर्शनी के पहले आयोजन का सहभागी बनते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है। देश में हो रहे प्रयोग युवा व बाल कलाकारों के लिए लाभकारी होगा।

### चित्रकारी आर्ट्स के दिखे विविध रंग

चारकोल, पेंसिल, जल रंग, एक्रेलिक, पेस्टल, मिक्स मीडिया, कोलाज, स्याही, कम्प्यूटर ग्राफिक फोटो जैसी चित्रकारी कला के माध्यम से कलाकारों ने मां के विभिन्न रूपों को कैनवास पर जीवंत कर अपने चित्रकारी कला की प्रतिभा को बखूबी प्रदर्शित किया। मां के सौम्य, रौद्र रूप, परिवार की विहंगम झांकी, भगवान गणेश अपनी मां पार्वती की हथेली पर अठखेलियां करते दृश्य को चित्रकार ने कैनवास पर श्रद्धा के विविध रंगों से उकेरा। वहीं चित्रों में काल की गति को समाज में नैतिकता और सच्चाई के मामले में सचेत करने चित्रण किया है। सेतु निर्माण के समय श्रीराम का रेत से शिवलिंग निर्माण कर पूजन, मां पार्वती और गणेश की बाललीलाओं का चित्रकारी के माध्यम से मनमोहक चित्रण किया गया।



### इन कलाकारों के चित्र प्रदर्शित

*नई दिल्ली से गोपाल नास्कर, अहमदाबाद से अजय तिवारी व माईनक भट्टाचार्य, मुंबई से मनीष महानंद, निकहत फातिमा बेगम, लखनऊ से धनंजय पंवार, वाराणसी से विनोद कुशवाहा, प्रदेश से कल्याण प्रसाद शर्मा, श्याम निनोरिया, डॉ. प्रवीण शर्मा, अवतार सिंह भंगल, दिशा ठाकुर, विजय वरठे, असीम प्रताप हिरवानी, तरुण वंशपाल आदि कलाकारों ने इस कला प्रदर्शनी में अपनी रचनाओं के साथ भागीदारी की है।*

## दीवारों पर बचपन की झलक

रायपुर। उरकुरा रेलवे स्टेशन की दीवारों पर बनी रंगीन चित्रकारी गांव के बाजार, पतंग उड़ाते और खेलते बच्चों के चित्रों से सजी है। ये चित्र न सिर्फ बच्चों को, बल्कि बड़ों को भी उनके बचपन की याद दिला रहे हैं।







## पर्यावरण संरक्षण थीम पर विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण थीम पर प्रतिभागियों ने पोस्टर तैयार किया। इस मौके पर पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व को चित्र और काल्पनिक रूप से प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने पोस्टर मेकिंग के जरिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में 10 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्नव साहू और द्वितीय स्थान श्रिया अग्रवाल ने हासिल किया। इस मौके पर निर्णायक के रूप में वाणिज्य विभाग की प्रो. रीदवाना हसन और पत्रकारिता विभाग से प्रो. रितुलता तारक शामिल हुईं, जिन्होंने प्रतिभाग के आधार पर चयन किया। स्पर्धा में कम उम्र के प्रतिभागियों ने भी प्रभावशाली संदेश देते हुए पर्यावरण के प्रति खुद के भाव को भी दर्शाने का प्रयास किया।

### अर्नव ने मारी बाजी

महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि प्रतियोगिता से बच्चों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। बच्चों ने अपनी कल्पना शक्ति का उपयोग कर अच्छा प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दीं। बच्चों का मनोबल बढ़ाने माता-पिता भी कॉलेज पहुंचे थे।

शरीर को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से माता-पिता बच्चों को फुटबॉल खेलने प्रेरित कर रहे

# फुटबॉल बना फिटनेस का खेल, हर मूवमेंट से पूरे शरीर का व्यायाम, मैदान में अब बढ़ रहे खिलाड़ी

कार्नर न्यूज

बदलते समय के साथ शहर में फुटबॉल भी अब युवाओं की पसंद बन चुका है, क्योंकि फुटबॉल सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक बेहतरीन फिजिकल एक्सरसाइज भी है। इसे खेलने के दौरान किकिंग, दौड़, तेज स्प्रिंट जैसे मूवमेंट शरीर के हर हिस्से को सक्रिय करते हैं, जिससे संपूर्ण वर्कआउट होता है। विश्व फुटबॉल दिवस पर हरिभूमि ने खिलाड़ियों से बातचीत की। उनका कहना है कि फुटबॉल खेलने से एरोबिक क्षमता बेहतर होती है, हार्ट और फेफड़े मजबूत बनते हैं और स्टेमिना भी बढ़ता है।

**रायपुर।** पालक भी बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए इसे बेहद उपयोगी खेल मानने लगे हैं। गर्मी की छुट्टियों में एक्टिव रहने और फिटनेस बनाए रखने के लिए फुटबॉल बेहतरीन विकल्प बन गया है। हर दिन सिर्फ 30 से 40 मिनट फुटबॉल खेलने से शरीर में ताजगी बनी रहती है और अतिरिक्त वजन भी कम होता है। खेलना एक फुल-बॉडी वर्कआउट की तरह है, जिससे शरीर की ताकत, लचीलापन और संतुलन में सुधार आता है।

विश्व फुटबॉल दिवस



### 5 साल से बच्चे फुटबॉल खेलने पहुंच रहे

फुटबॉल खेलने से बच्चों में तंदुरुस्ती देखने को मिलती है। रोजाना फुटबॉल खेलने के कई फायदे हैं, इसमें एक ही वक्त में हाथ, पैर और दिमाग का उपयोग करना होता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इससे टीम वर्क, मांसपेशियों की ताकत, अनुशासन, दिनचर्या में बदलाव होता है। हमारी संस्था में 5 साल से बच्चे फुटबॉल खेलने पहुंच रहे, जिन्हें रोजाना मैच, बॉल पास, बॉल के साथ रनिंग जैसे वार्मअप कराए जाते हैं।

### फुटबॉल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

*परिजनों से चर्चा के दौरान उन्होंने अपनी-अपनी राय साझा की। श्वेता ने बताया, मेरे बेटे की उम्र 11 वर्ष है। मनन फुटबॉल बीते 2 माह से खेल रहा है। फुटबॉल खेलने से उसकी दिनचर्या में बदलाव देखने को मिला है। वह समय से पहले अपना काम खत्म कर लेता है। साथ ही उसके स्वास्थ्य में सुधार आया है। गुंजन सिंह ने बताया, मेरे बेटे की उम्र 10 वर्ष है। छुट्टियों का सदुपयोग करने के उद्देश्य से बच्चे का दाखिला फुटबॉल अकादमी में कराया है। रोजाना शाम खेलने से कुछ बदलाव देखने को मिला, इस दौरान मेरे बेटे ने टीम वर्क सीखा है। वह घर पर कई काम टीमवर्क के साथ करना पसंद करता है।*

सिटी लाइव

# गंगा दशहरा पर गायत्री शक्तिपीठ में महामंत्रों का होगा अखंड जाप



रायपुर। गंगा दशहरा के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा कई धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ में गायत्री परिवार द्वारा मां गायत्री की विशेष पूजा- अर्चना के साथ ही भव्य श्रृंगार और अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न संस्कार कराए जाएंगे। शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि धार्मिक मान्यता के तहत ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुईं थीं। इस तिथि को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। मां गंगा का उद्गम उत्तराखंड की पुण्य देवभूमि से हुआ और हरिद्वार में मां गंगा बहती हैं। हरिद्वार में ही अखिल विश्व गायत्री परिवार का मुख्य केंद्र और शांतिकुंज है। हरिद्वार की तरह ही रायपुर शक्तिपीठ में भी आयोजन किया जाएगा।

### कराए जाएंगे अलग अलग संस्कार

शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस और सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल ने बताया कि गंगा दशहरा पर गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में 4 जून को 12 घंटे का अखंड गायत्री महामंत्रों का जाप होगा। साथ ही 5 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर सुबह मां गायत्री का 10 औषधियों से स्नान, भव्य श्रृंगार और आरती की जाएगी। इसके बाद प्रांगण में संस्कारों के लिए निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यारंभ संस्कार, पुंवसन संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, जन्मोत्सव संस्कार, विवाह दिवस संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार के साथ अन्य संस्कार शक्तिपीठ में परिजनों द्वारा कराया जाएगा। यह रूपरेखा ट्रस्ट के हनुमान प्रसाद अग्रवाल, आदर्श वर्मा, शैलेश वर्मा, दीनानाथ शर्मा द्वारा तय की गई है।

हास्य से भरपूर रिश्तों की टकराहट पर आधारित नाटक का मंचन

# प्रेम, विवाद और हंसी का अनोखा संगम, 'द प्रस्ताव' नाटक ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया

अभिनव नाट्य संस्था छत्तीसगढ़ की ओर से नाटक द प्रस्ताव का मंचन का आयोजन किया। यह नाटक पांच किरदारों के इर्द गिर्द घूमता है। कहानी में एक रईस जमींदार लोमोव है, जो गांव के किसान चुबुकोब की बेटी नतालिया से प्रेम करता है और शादी की मंशा से शादी का प्रस्ताव लेकर उसके घर जाता है, लेकिन शादी के प्रस्ताव के पूर्व ही जमीन के विवाद को लेकर नतालिया और लोमोव के बीच विवाद शुरू हो जाता है।





रायपुर। झगड़े को लेकर दोनों एक-दूसरे से नाराज रहते हैं, लेकिन मन ही मन प्रेम के चलते दोनों एक दूसरे से विवाह भी करना चाहते हैं और इसी कहानी पर नाटक का ताना-बाना बुना हुआ है। नाटक के कलाकारों में वृद्ध चुबुकोव की भूमिका ने लोगों को प्रभावित किया। अंग्रेजी भाषा के रूपांतरण के बाद भी वह नाटक को स्थानीय लोगों और परिवेश से जोड़ने में सफल रहा।

### प्यार में ईगो नहीं समझदारी जरूरी

1800 के दशक के रूस की पृष्ठभूमि पर आधारित नाटक में रिश्तों की उलझन, प्रेम प्रस्ताव और हास्य का गजब मिश्रण देखने को मिला। नाटक में इवान नामक युवक अपनी पड़ोसी नताल्या से विवाह का प्रस्ताव लेकर आता है, लेकिन बात बनते-बनते विवादों में उलझ जाती है। दर्शकों ने न केवल इस नाटकीय प्रेम कहानी का आनंद लिया, बल्कि लगातार उभरते हास्य संवादों पर ठहाके भी लगाए। कहानी की शुरुआत इवान द्वारा नताल्या के पिता स्टीफन से बेटी का हाथ मांगने से होती है, जो पहले तो हैरान होते हैं, लेकिन तुरंत प्रस्ताव स्वीकार कर लेते हैं। इस व्यंग्यपूर्ण प्रस्तुति ने रिश्तों की पेचीदगियों को मजाकिया अंदाज में दर्शाया और दर्शकों को संदेश भी दिया कि प्यार में ईगो नहीं, समझदारी जरूरी है।

### प्रपोज के बाद भी खत्म नहीं हुआ पुराना विवाद

नाटक का पहला दृश्य भावनात्मक है, लेकिन जैसे ही इवान और नताल्या के बीच बातचीत शुरू होती है, मामूली जमीन विवाद से बात बहस और गुस्से तक पहुंच जाती है। आगे चलकर जब सच्चाई सामने आती है कि इवान शादी का प्रस्ताव लेकर आया था तो नताल्या खुद उन्हें बुलवाने की जिद करती है। इवान दोबारा लौटते हैं, लेकिन इस बार दोनों प्रेम की जगह कुत्तों की श्रेष्ठता पर भिड़ जाते हैं। एक पल ऐसा आता है जब इवान बेहोश हो जाते हैं और सबको लगता है कि वे मर गए, लेकिन होश में आने के बाद वे नताल्या को प्रपोज करते हैं और वह स्वीकार कर लेती है। परंतु नाटक के अंत में वे फिर से उसी पुराने विवाद पर लौट आते हैं कौन-सा कुत्ता बेहतर?





### इन्होंने निभाई भूमिका

आशीष कुमार दास ने लोमो के पात्र अभिनय किया तो वहीं कृष्णा मिश्रा ने इवान इश्रोब, किरण शर्मा ने नतालिया, नागेंद्र सिंग ने चुबुकोव की भूमिका निभाई। नाटक के निर्देशक कैलाश शादाब रहे। हास्य व्यंग्य की इस कहानी में लेखक चेखव ने मानव स्वभाव की कमजोरियों को उजागर किया है। मूल कहानी में 3 पात्र हैं और नाटक में निर्देशक कैलाश शादाब ने 4 पात्र रखे थे।

सिटी इवेंट

# वट सावित्री पर्व पर धर्म प्रचारक बांटेंगे 101 लीटर शर्बत



रायपुर। वट सावित्री के अवसर पर देवांगन समाज की धर्म प्रचार समिति द्वारा शर्बत वितरण की तैयारी की गई है। प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन द्वारा वट सावित्री व्रत रहने वाली माता-बहनों को वटवृक्ष के नीचे पूजा स्थल पर शर्बत बांटा जाएगा। इस संबंध में समिति के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि वट सावित्री के दिन माताएं और बहनें सुबह से उपवास रखती हैं। यहां तक कि पूजा के पूर्व पानी भी नहीं पीती हैं। इसे देखते हुए बिरगांव निगम क्षेत्र में कई स्थानों पर 101 लीटर शर्बत का वितरण किया जाएगा। 26 मई को दोपहर में वट सावित्री की पूजा-अर्चना व कथा के बाद बरगद वृक्ष के नीचे ही माताओं और बहनों को शर्बत की सेवा दी जाएगी।

### होती है अद्भुत रोग प्रतिरोधक क्षमता

*धर्म प्रचार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष ने आगे बताया कि बरगद के पेड़ में त्रिदेवों का वास होता है। जड़ में ब्रह्माजी, तने में विष्णुजी और शाखाओं में तथा ऊपर पत्तों में भगवान शिवजी का वास है। इसमें त्रिदेवों का वास होने के कारण इसे देववृक्ष भी कहा जाता है। उन्होंने संकल्प भी लिया है कि वटवृक्ष के साथ अन्य जितने भी देववृक्ष हैं, उनकी सेवा और देखभाल समिति द्वारा की जाएगी। बरगद में औषधीय गुण होते हैं, इसे ऑक्सीजन का खजाना माना जाता है। इस पेड़ से निकलने वाली कलियों को खाकर महिलाएं व्रत पूरा करती हैं। इस कली में एंटी ऑक्सीडेंट के साथ अद्भुत रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है।*

# किसानों ने बदला कृषि का ट्रेंड, जिन बड़े शहरों में ज्यादा कीमत, वहां बेचते हैं सब्जी-फल

रायपुर। 'छत्तीसगढ़ के किसानों ने अब समय को देखते हुए मार्केट की डिमांड के आधार पर खेती पर जोर देना शुरू किया है। इसका फायदा भी छोटे-बड़े किसानों को मिलने लगा है। देश की मेट्रो सिटीज के मार्केट में लौकी, करेला सहित कई सब्जियों और फलों की खेप भेजने लगे हैं। छत्तीसगढ़ भी कटहल का बड़ा उत्पादक बन रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि यूपी और बिहार में छत्तीसगढ़ से जाने वाले कटहल व सब्जियों के अच्छे दाम मिल रहे हैं।'

कृषि के क्षेत्र में अब अंचल के किसानों ने भी आधुनिक तकनीक और संसाधनों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इसके लिए ट्रैक्टर, दवा का छिड़काव करने के लिए पॉवर मशीन और ड्रोन इस्तेमाल करते हैं। पानी की वजह से कृषि प्रभावित न होने पाए, इसलिए खेतों को ड्रिप सिस्टम से भी कवर्ड किया है। इससे पानी की बर्बादी रोकने के साथ बारहमासी खेती भी करने लगे हैं।



इसका किसानों को डेढ़ से दो महीने में फायदा भी मिलने लगता है। युवा कृषकों की मानें तो समय के साथ कृषकों द्वारा किया जा रहा बदलाव आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ने में मदद करता है। कृषकों ने धान का उत्पादन ही बंद कर दिया है। दूसरे फसलों से अच्छी कमाई मिलने से युवा भी नई तकनीक के साथ कृषि करते हैं।

### आधुनिक संसाधन से आसान हुई खेती

*फार्म हाउस में आधुनिक संसाधनों व तकनीक से खेती करने वाले महासमुंद के दिलीप राठौर ने बताया कि कुम्हारी में भी फार्म हाउस है। दोनों जगह मिलाकर 50 एकड़ कृषि भूमि हैं। इसमें सीताफल, केला, लौकी, मिर्चा, तोरई, भिंडी, बरबट्टी और खीरा, टमाटर, गोभी की खेती करता हूं। आधुनिक ट्रैक्टर के साथ पॉवर मशीन से दवा का छिड़काव करते हैं। ड्रोन का उपयोग कृषि कार्य में करते हैं। खेतों में एक-एक लाख लीटर की टंकी में मोटर लगाकर फलों और सब्जियों को ड्रिप से पानी देते हैं। अभी प्रति एकड़ के लिए 2 कर्मचारी लगाते हैं। पहले 200 कर्मचारियों को किए जाने वाले भुगतान में ही कमाई का बड़ा हिस्सा जाता था।*

### व्यवसाय आधारित खेती का बढ़ा ट्रेंड

कुम्हारी के युवा कृषक वीरेंद्र सिंह लोहान बताते हैं कि ज्वाइंट फैमिली होने से कृषि भूमि 5 सौ एकड़ है। इसमें 2017 से धान की खेती के बजाय सब्जी, शिमला मिर्च, अचारी मिर्च, आम, जाम, ड्रैगन फ्रूट, केला, कटहल की पैदावार लेने लगे। इससे दिल्ली, कोलकाता, झारखंड, मुंबई और यूपी-बिहार में भी व्यवसाय बढ़ा है। व्यापारी खुद आर्डर देने और अपनी ट्रकें लेकर आते हैं। पहले किसान तकनीकी रूप से दक्ष नहीं होने से कमाई तो दूर, मूल भी नहीं निकल पाता था। अब प्रदेश के किसानों में व्यवसाय के आधार पर खेती का ट्रेंड है। तकनीक आधारित खेती करने में युवाओं का लगाव तेजी से बढ़ने लगा है।

### कटहल की हर साल सौ टन आपूर्ति

दुर्ग के कृषक दीप चौहान बताते हैं कि 8 साल से अपनी कृषि भूमि में केले, कटहल की खेती कर रहा हूं। पौधों को पर्याप्त पानी मिले, इसके लिए ड्रिप तकनीक का इस्तेमाल खेतों में करता हूं। पहले केला महाराष्ट्र से और कटहल यूपी-बिहार से आता था। इसे देखते हुए खेती के लिए जानकारी जुटाई। इसके बाद आधुनिक संसाधनों और तकनीक से खेती करने लगा। इसे देखते हुए और भी किसान इससे जुड़े हैं। वर्तमान स्थिति में हर साल यूपी और बिहार में सिर्फ कटहल ही 100 टन से ज्यादा भेजते हैं। छत्तीसगढ़ से ज्यादा वहां हर सीजन में सब्जी की अच्छी कीमत मिलती है। लोग फार्म हाउस से सब्जी उठाते हैं।

# पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाने और सहेजने का लिया संकल्प



रायपुर। पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों पर प्रांत नारी शक्ति प्रमुख एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से दायित्व प्राप्त नीलम सिंह ने बच्चों को पर्यावरण की जानकारी देने के लिए क्लास लगाई। शनिवार को सेट पॉल्स कैथेड्रल में विशेषज्ञ के रूप में बाइबिल शाला में बच्चों को प्लास्टिक से दूर रहने और पर्यावरण की रक्षा करने का पाठ पढ़ाया। बच्चों ने जो सीखा, उसका प्रेजेंटेशन रविवार को आराधना में करेंगे। छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप डॉ. सुषमा कुमार मुख्य अतिथि थीं। सुबोध कुमार ने कविता पाठ के बाद बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प दिलाया। श्रीमती सिंह ने कहा कि काला जहरीला धुंआ उगलने वाली फैक्ट्रियां मानव व अन्य प्राणियों को नुकसान पहुंचा रही हैं। पशु पॉलिथीन-प्लास्टिक खाते हैं। इससे उनकी जान पर बन आती है। इस क्लास में इंदौर, अंबिकापुर, कोरबा, पेंड्रा, भिलाई के बच्चे शामिल हुए।

### जामुन-आम की गुठलियों को जमा करें

उन्होंने बताया कि हमें ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में जामुन व आम की गुठलियों को जमा करना चाहिए। फिर उन्हें बरसात में बोना चाहिए। गुठलियों से आयुर्वेदिक दवाएं बनती हैं। पादरी असीम विक्रम, सुशील मसीह, डीकन मनशीश केजू, संडे स्कूल सुपरिटेंडेंट नेहा पिल्ले, सचिव रश्मि जेम्स, कोषाध्यक्ष सेजल मोसेस, पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल प्रमुख रूप से शामिल हुए। मेंबर दीपक दास, सरिता सिंह, चर्च सचिव रुचि धर्मराज, कोषाध्यक्ष किरण सिंग, रूपिका लारेंस ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

संतों का भव्य मंगल प्रवेश, आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हुआ शहर

# मनुष्य जन्म अत्यंत दुर्लभ, यह जीवन मोक्षमार्ग का एकमात्र माध्यम



रायपुर। संयम, साधना और आत्मकल्याण की दिव्य ज्योति लेकर जयसुंदर सुरेश्वर महाराज साहब के प्रतापी शिष्यगण ज्येष्ठ पर्यायी मुनिराज जयपाल विजय, उग्र तपस्वी मुनिराज प्रियदर्शी विजय, ओजस्वी प्रवचनकार मुनिराज तीर्थप्रेम विजय तथा साध्वीश्री राजरत्न महाराज साहब की सुशिष्या, विदुषी साध्वीश्री औदार्य निधि और सरलमना साध्वीश्री चिंतन निधि का मंगल प्रवेश कैवल्यधाम तीर्थ से मोहन मैरिज पैलेस तक अत्यंत श्रद्धा, भक्ति के साथ हुआ। गुरुभगवंतों की अगवानी भव्य शोभायात्रा, जयघोष और वाद्य ध्वनियों के साथ की गई। संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। इस अवसर पर आयोजित प्रवचन में मुनिराज तीर्थप्रेम विजय ने 'मनुष्य भव की महत्ता' विषय पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म अत्यंत दुर्लभ है, यह कर्मों का फल है। यही एकमात्र योनि है, जहां आत्मा वाणी, विवेक, विनम्रता, तर्क और तप के माध्यम से आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ सकती है। देव योनि में सुख तो है, लेकिन पुरुषार्थ नहीं। नरक और तिर्यंच योनियों में पीड़ा है, पर विवेक नहीं।

### शत्रुंजय महातप करने का संकल्प

*विचारों से प्रेरित होकर 15 श्रद्धालुओं ने शत्रुंजय महातप करने का संकल्प लिया। श्री विमलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट व भावोल्लास चातुर्मास समिति की ओर से समिति के अध्यक्ष चेतन भाई मेहता ने बताया कि गुरु भगवंतों का वर्षावास नाकोडा भैरव सोसाइटी, पचपेड़ी नाका, रायपुर में आगामी चार मास तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन जिनवाणी प्रवचन, तप, ध्यान और स्वाध्याय की गतिविधियां होंगी। समाजजन इस विशेष अवसर को आत्मिक उत्थान का माध्यम मानते हुए पूरे उल्लास से सहभागी बन रहे हैं। इस भव्य प्रवेश में रायपुर नगर के जैन समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष धनराज वैद के साथ राजेश सिंगी, भारत सोनीगरा, विनोद, कमल लोढ़ा, बंटी कोचर, मिकिन मूणत, शरद शाह, अरुण बरलोटा भैरव भक्त मंडल गगन बर्दिया और सैकड़ों श्रावक व श्राविकाएं शामिल थीं।*

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH
(Biology, Maths, Commerce)
Admission Enquiry
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
- Spoken English & Personality Development
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
- Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
- Monthly Seminars & Interactive Discussions
- Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
- Creative Classrooms & Play-Based Education
- Sports, Arts & Music for Holistic Growth
- Safe & Nurturing Environment
- Interactive Events & Competitions
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION ENQUIRY
Register Now at www.rpsraipur.com
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Contact to Add Your School - 79871-19756

## सिटी स्पोर्ट्स

### बारिश ने खेल बिगाड़ा, दुर्ग-बिलासपुर बेनतीजा और बीसीए को बढ़त



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को शानदार मुकाबले हुए। क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 भिलाई में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) विरुद्ध रायपुर ब्लू के बीच मैच हुआ। बल्लेबाजी करते हुए बीसीए टीम ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 13 रन से आगे खेलते हुए दो विकेट पर 32 रन बनाए। इसके बाद बारिश होने से मैच रोकना पड़ा। इससे यह मैच ड्रॉ रहा लेकिन पहली पारी की बढ़त के आधार पर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन को तीन अंक एवं रायपुर ब्लू को एक अंक मिला। दल्ली राजहरा में टीम दुर्ग विरुद्ध बिलासपुर का मैच शनिवार को चौथे एवं अंतिम दिन बारिश के कारण नहीं हो सका। बल्लेबाजी में बिलासपुर की टीम पहली पारी में 203 रन पर आउट हो गई। टीम दुर्ग ने पहली पारी में 9 विकेट पर 172 रन बनाए थे। इस प्रकार यह मैच बिना किसी परिणाम के समाप्त हुआ क्योंकि दुर्ग की पहली पारी पूरी नहीं हो सकी अतः दोनों ही टीमों को एक-एक अंक मिला। इसी तरह छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की सीनियर वुमेंस अंडर-23 टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शनिवार को मैच बारिश की वजह से पूरा नहीं खेला जा सका। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में जब बारिश शुरू हुई हुई उस वक्त का स्कोर टीम नॉर्थ जोन वर्सेस साउथ जोन में बल्लेबाजी करते हुए साउथ जोन ने 11.1 ओवर में 4 विकेट पर 76 रन बनाए। जिसमें ऐश्वर्या सिंह ने 27 रन, सृष्टि शर्मा ने 22 रन और मिताली यादव ने 11 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की किरण वर्मा ने 2 विकेट और दीपमाला मिंज ने एक विकेट लिए।

### फुटबॉल डी- सर्टिफिकेट कोचिंग कोर्स के लिए शामिल हुए खिलाड़ी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन एवं दुर्ग जिला फुटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के द्वारा एआईएफएफ डी- सर्टिफिकेट कोचिंग कोर्स का आयोजन 19 मई से 24 मई तक पंत स्टेडियम में किया गया। जहां पूरे छत्तीसगढ़ से 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कोचिंग कोर्स में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के द्वारा इंस्ट्रक्टर के रूप में मौलाली अली मौजूद थे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सुबह एवं शाम थ्योरी एवं प्रैक्टिकल के माध्यम से फुटबॉल के कोचिंग की बारीकियों के बारे में बताया गया। उन्होंने कोच के द्वारा दी जाने वाली कोचिंग से जुड़े कई बिंदुओं पर रोशनी डाली। कोचिंग कोर्स के समापन पर छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के महासचिव डॉ जीडी गांधी, ऑल इंडिया फुटबॉल संघ के कार्यकारिणी सदस्य मोहनलाल, फारुख बेग, विजय भारत बिष्ट एवं प्रीतिम घोष उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय हैंडबॉल फेडरेशन कप में आदित्य और सिफ्तन चयनित



**रायपुर।** जिला हैंडबॉल संघ के 2 खिलाड़ियों का चयन फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम में किया गया है। जो 23 से 26 मई तक गोरखपुर उत्तर प्रदेश में आयोजित प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिला हैंडबॉल संघ के सचिव सैयद इमरान अली ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में आदित्य चंद्राकर और सिफ्तन रजा शामिल है। यह दोनों खिलाड़ी पूर्व में भी कई राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम कोच के रूप में आशुतोष सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया है। चयनित सभी खिलाड़ियों को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, एतराम साहू, जिला संघ अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका के अध्यक्ष निखिलकांत साहू, छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के महासचिव समीर खान, कोच राजेश सरकार, रामप्रताप गुप्ता, जिला संघ सचिव सैयद इमरान अली, प्रमेश खरे खेल अधिकारी रावतपुरा महाविद्यालय, कपिल पेदरिया, रुपेश महिलांग, टिकेश्वर साहू, मनीष चंद्राकर, कौनन अहमद, मतिहास दास आदि ने बधाई दी है।

### इंदौर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए बनीं छत्तीसगढ़ टीम

**रायपुर।** 31वीं सब जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप (बालक/बालिका वर्ग) का आयोजन 25 से 31 मई तक अल्पाइन अकेडमी, इंदौर में होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रायपुर जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में प्रथम यदु,मितांश बजाज और अवनी तिवारी का चयन किया गया है।

## दुनिया भर में हर 300 में से 1 को सिजोफ्रेनिया की आशंका

# बना रहता है भ्रम और सुनाई देती हैं डरावनी आवाजें सिजोफ्रेनिया खतरनाक तरीके से पसारते जा रहा पांव

सिजोफ्रेनिया एक दीर्घकालिक और गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति को भ्रम बना रहता है। ये बीमारी आपके मस्तिष्क के काम करने के तरीके को प्रभावित कर देती है। मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं दुनियाभर में गंभीर चिंता का कारण बनी हुई हैं। हम सभी अपने शारीरिक स्वास्थ्य पर तो ध्यान देते रहते हैं पर मेंटल हेल्थ को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधित कई समस्याएं काफी गंभीर हो सकती हैं?

सिजोफ्रेनिया ऐसी ही एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य की समस्या है, जो दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। आंकड़ों से पता चलता है कि दुनियाभर में लगभग 24 मिलियन (2.4 करोड़) लोग या 300 में से 1 व्यक्ति को सिजोफ्रेनिया की दिक्कत हो सकती है। सिजोफ्रेनिया एक दीर्घकालिक और गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति को वास्तविकता की धारणा में भ्रम होता है। ये व्यक्ति के व्यवहार, मानसिक स्थिति, सोचने-समझने की क्षमती सभी को प्रभावित कर सकती है।

विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस हर साल 24 मई को मनाया जाता है। इस साल भी देश और दुनिया में शनिवार को जनजागरुकता के कई कार्यक्रम हुए। इसका उद्देश्य इस गंभीर मानसिक रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रोगियों की सहायता में सुधार करने पर ध्यान देना होता है।



### सिजोफ्रेनिया और इसका खतरा

कल्पना कीजिए कि आप एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहां हर आवाज पर शक होता हो, हर चेहरा अजनबी लगता हो और खुद की सोच भी परायी लगने लगती हो। सिजोफ्रेनिया वास्तव में यही है। सिजोफ्रेनिया का आपके शारीरिक और मानसिक दोनों स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ये बीमारी आपके मस्तिष्क के काम करने के तरीके को प्रभावित कर देती है परिणामस्वरूप रोगियों के लिए दैनिक जीवन के कार्य भी काफी कठिन हो जाते हैं।

### सिजोफ्रेनिया होने के कारण क्या हैं?



स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि सिजोफ्रेनिया बीमारी किसी एक कारण से नहीं होती, बल्कि इसके लिए कई जैविक, आनुवंशिक और पर्यावरणीय कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। अगर परिवार में किसी को सिजोफ्रेनिया की दिक्कत रही है, तो इससे अन्य लोगों में भी होने की आशंका बढ़ जाती है।

अध्ययनों से पता चलता है कि डोपामिन और ग्लूटामेट जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का असंतुलन मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को बिगाड़ सकता है, इसके कारण भी सिजोफ्रेनिया होने का खतरा बढ़ जाता है। गर्भावस्था या प्रसव के दौरान संक्रमण, ऑक्सीजन की कमी, या पोषण की कमी से दिमागी विकास पर असर पड़ सकता है।बचपन में भावनात्मक आघात, अकेलापन, गरीबी या सामाजिक अलगाव भी सिजोफ्रेनिया को ट्रिगर कर सकती है।

सिजोफ्रेनिया में क्या दिक्कतें होती हैं?

सिजोफ्रेनिया आपके जीवन को कई प्रकार से प्रभावित करने वाली हो सकती है। मतिभ्रम होना सिजोफ्रेनिया का सबसे आम लक्षण है। इससे प्रभावित लोगों को भ्रम और डर बना रह सकता है, रोगी उन चीजों को भी वास्तविक मानने लग जाते हैं जो असल में होती ही नहीं हैं। रोगी को ऐसा लग सकता है जैसै कोई मेरा पीछा कर रहा है, मुझे मारने का प्रयास किया जा रहा है आदि। आपको लग सकता है कि कोई आपके सोचने, बोलने या कार्य करने को



नियंत्रित कर रहा है। बोलते समय आपको अपने विचारों को व्यवस्थित करने में परेशानी हो सकती है।अक्सर नकारात्मक विचार मन को परेशान करते रह सकते हैं, जिससे जीवन काफी कठिन हो जाता है।

### सिजोफ्रेनिया हो जाए तो क्या करें?

सिजोफ्रेनिया मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति है जिसका समय पर इलाज कराना जरूरी है। अगर आपको घर में किसी व्यक्ति में सिजोफ्रेनिया जैसे लक्षण दिख रहे हैं तो जल्द से जल्द मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ के पास ले जाएं।



## नस चढ़ने के दर्द से आप भी रहते हैं परेशान तो जानिए इसकी वजह और आराम का तरीका

नस चढ़ने की समस्या ज्यादातर सोने के दौरान या खेलते-दौड़ते हो सकती है। कई बार ये उठते-बैठते, अंगड़ाई लेने और व्यायाम के दौरान भी हो सकती है। इससे शरीर के उस हिस्से में बहुत तेज दर्द और अकड़न महसूस होने लगती है

क्या आपको भी कभी बैठे-बैठे या चलते हुए गर्दन-पैरों में अचानक तेज दर्द का अनुभव हुआ है? आमतौर इसे नस चढ़ने की समस्या माना जाता है। नस चढ़ना आम बोलचाल की भाषा है, जिसका प्रयोग उस स्थिति के लिए किया जाता है जब किसी व्यक्ति को अचानक किसी खास हिस्से में तेज दर्द, ऐंठन या खिंचाव महसूस होता है। ये दिक्कत मुख्यरूप से पैरों, हाथों या गर्दन में अधिक होती है। आमतौर ये मांसपेशीय ऐंठन की दिक्कत होती है, न कि नस से संबंधित कोई रोग। नस चढ़ने की समस्या के पीछे कई कारण हो सकते हैं। वैसे तो ये कुछ सामान्य से उपायों और दर्द निवारक दवाओं से ठीक हो जाती है, पर कुछ स्थितियों में आपको डॉक्टरीसहायता की भी आवश्यकता हो सकती है।

### नस चढ़ने की समस्या के बारे में जानिए



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, नस चढ़ने की ये समस्या ज्यादातर सोने के दौरान या खेलते-दौड़ते हो सकती है। कई बार ये उठते-बैठते, अंगड़ाई लेने और व्यायाम के दौरान भी हो सकती है। इससे शरीर के उस हिस्से में बहुत तेज दर्द और अकड़न महसूस होने लगती है, लेकिन कुछ ही देर में यह दूर भी हो जाता है। शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी से रक्त संचार सही तरीके से नहीं हो पाता है, जिससे नसें चढ़ सकती हैं। हीमोग्लोबिन रक्त कोशिकाओं के जरिए शरीर के हर एक अंग में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। जब यह प्रक्रिया सही तरीके से नहीं हो पाती है, तो ऐसी समस्या हो सकती है। इसे दूर करने के लिए आयरन से भरपूर खाने को भोजन में शामिल करें। विटामिन -सी शरीर को लचीला बनाए रखने का काम भी करता है। इसकी कमी होने पर रक्त कोशिकाएं कमजोर होने लगती हैं, जिससे नसें एक के ऊपर एक चढ़ जाती हैं।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

अध्ययनों से पता चलता है कि शरीर में पानी, सोडियम, पोटैशियम, कैल्शियम की कमी के चलते भी यह समस्या परेशान कर सकती है। डायबिटीज, अल्कोहल का ज्यादा सेवन, शारीरिक कमजोरी वाले लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. अनिल बंसल बताते हैं, नस चढ़ने की समस्या से बचने के लिए सोते समय पैरों के नीचे तकिया रख कर सोएं। इसके अलावा शरीर में पोटैशियम की कमी न होने दें। इन उपायों से राहत न मिले तो चिकित्सक से संपर्क करें।

### नस चढ़ने के इन कारणों को भी जानिए

नस चढ़ने के कई कारण हो सकते हैं जिनके बारे में आपको पता होना जरूरी है। ज्यादा शारीरिक मेहनत या व्यायाम (बिना वार्म-अप किए भारी व्यायाम) करने पर ये दिक्कत हो सकती है।



## एल्युमीनियम के बर्तन में कभी न गर्म करें ये चीजें, जानें क्यों?

एल्युमीनियम के बर्तन हल्के और जल्दी गर्म होने वाले होते हैं, इसलिए कई लोग दूध उबालने के लिए भी इनका इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दूध को एल्युमीनियम के बर्तन में गर्म नहीं करना चाहिए। दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड एल्युमीनियम के साथ रिएक्ट कर सकता है। इससे दूध का स्वाद बिगड़ सकता है और उसमें मेटल की गंध भी आ सकती है। इसके अलावा, बार-बार दूध उबालने से एल्युमीनियम बर्तन की सतह पर दाग पड़ सकते हैं या वह धीरे-धीरे घिस सकता है, जिससे बर्तन की क्वलिटी घट जाती है।

**क्या करें:** दूध गर्म करने के लिए स्टेनलेस स्टील या बोरोसिलिकेट ग्लास के बर्तन बेहतर विकल्प होते हैं। अगर आप इलेक्ट्रिक केटल या इंडक्शन का इस्तेमाल करते हैं, तो उसमें भी स्टील या सेफ कोटिंग वाले बर्तन ही इस्तेमाल करें।

### नमक या नमक वाला पानी

नमक में मौजूद सोडियम क्लोराइड एल्युमीनियम के साथ मिलकर एक रासायनिक प्रक्रिया शुरू करता है, जो बर्तन की सतह को धीरे-धीरे खराब कर सकता है। खासकर अगर आप नमक वाला पानी बार-बार उबालें या नमकीन खाना एल्युमीनियम बर्तन में पकाएं और उसे धोने में देर करें, तो इससे बर्तन की सतह पर सफेद धब्बे या काले निशान आ सकते हैं। इससे एल्युमीनियम के पार्टिकल्स भी खाने में मिल सकते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं।



**क्या करें:** नमक वाले पानी या खाने के लिए स्टेनलेस स्टील, कास्ट आयरन या नॉन-स्टिक बर्तनों का उपयोग करें। अगर एल्युमीनियम बर्तन में नमक वाला कुछ पकाया गया है, तो उसे तुरंत धोकर सूखा लें। एल्युमीनियम बर्तनों को सूखा और साफ रखने की आदत डालें, ताकि जंग लगने की संभावना न हो।

### रेडीमेड सॉस या पैकेज्ड फूड

खाना जल्दी बने इसके लिए हम फ्रोजन फूड को पका लेते हैं या फिर एल्युमीनियम में किसी तरह के सॉस को गर्म करते हैं। इन तैयार खाद्य पदार्थों में अक्सर प्रिजरवेटिव्स, एसिडिटी रेगुलेटर और अन्य केमिकल्स होते हैं, जो गर्म होने पर एल्युमीनियम से प्रतिक्रिया कर सकते हैं। इससे भोजन का स्वाद बिगड़ सकता है। बार-बार इस तरह का खाना एल्युमीनियम में गर्म करने से शरीर में एल्युमिनियम पार्टिकल्स प्रवेश करते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।

**क्या करें:** पैकेज्ड फूड या सॉस को गर्म करने के लिए ग्लास, सेरामिक या स्टेनलेस स्टील के बर्तनों का प्रयोग करें।अगर माइक्रोवेव में गर्म कर रहे हैं, तो BPA-free माइक्रोवेव सेफ कंटेनर का इस्तेमाल करें।

## तकिए के नीचे गुलाब रखने से क्या होता है?



गुलाब को शांति और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। माना जाता है कि तकिए के नीचे गुलाब का फूल रखने से मन शांत होता है, तनाव कम होता है और जो लोग अनिद्रा या बुरे सपनों से परेशान रहते हैं, उन्हें इससे लाभ मिल सकता है। तकिए के नीचे गुलाब के फूल रखने से व्यक्ति को कभी भी नकारात्मक ऊर्जा का सामना नहीं करना पड़ता है। ज्योतिष में गुलाब का संबंध शुक्र ग्रह से माना जाता है, जो प्रेम, सौंदर्य और वैवाहिक सुख का कारक है। तकिए के नीचे गुलाब रखने से शुक्र ग्रह मजबूत होता है, जिससे सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

### ज्योतिष शास्त्र में गुलाब के फूल का महत्व

गुलाब की खुशबू का संबंध शुक्र ग्रह से माना जाता है। शुक्र ग्रह प्रेम, सौंदर्य,सुख-सुविधाओं और वैवाहिक जीवन का कारक है। इसलिए तकिए के नीचे गुलाब रखकर सोने से सौंदर्य में निखार आता है। आपको बता दें, गुलाब का फूल मां लक्ष्मी को समर्पित है। इसलिए तकिए के नीचे गुलाब का फूल रखने से व्यक्ति पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और जीवन में कभी भी आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है। वहीं लाल गुलाब मंगल ग्रह का कारक है। इसलिए अगर आप अपने तकिए के नीचे लाल गुलाब के फूल रख रहे हैं तो इससे व्यक्ति की कुंडली में स्थित मंगल की स्थिति मजबूत हो सकती है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# एवेंजर्स के फैंस का बढ़ा इंतजार, 'डूम्सडे' और 'स्टार वॉर्स' की रिलीज डेट टली



मार्वल स्टूडियो के निर्माताओं ने आगामी दो सबसे बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट को टाल कर एवेंजर्स के प्रशंसकों को दुखी कर दिया है। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार ये दो बड़ी फिल्में 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'एवेंजर्सः सीक्रेट वॉर्स', इन्हें अब पहले जारी हुई रिलीज तिथि से 7-8 महीने बाद रिलीज किया जाएगा। इतना ही नहीं, इसके कारण कई फिल्मों के शेड्यूल में भी बदलाव किया गया है। आइए जानते हैं कब रिलीज होगी फिल्म।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म के नई तिथि की घोषणा की गई हैं। 'एवेंजर्स-डूम्सडे' अब 18 दिसंबर, 2026 को रिलीज होगी, जो पहले 1 मई, 2026 को रिलीज होने वाली थी, यानी कि कुल सात महीने बाद इसे सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए रिलीज किया जाएगा। वहीं, वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार 'डूम्सडे' के कारण 'एवेंजर्सः सीक्रेट वॉर्स' की भी रिलीज डेट को 17 दिसंबर, 2027 तक के लिए आगे बढ़ा दिया है, जहां पहले इसे 7 मई, 2027 के लिए निर्धारित किया गया था।

बीते गुरुवार को डिज्नी ने एवेंजर्स की दोनों फिल्मों की रिलीज डेट में हुए बदलाव की पुष्टि की। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार नए कैलेंडर में स्टूडियो ने अपने शेड्यूल से कई अघोषित मार्वल फिल्मों के टाइटल को हटा दिया है। 13 फरवरी, 2026 की डेट पर निर्धारित मार्वल के एक शीर्षकहीन प्रोजेक्ट के शेड्यूल को भी हटा दिया गया है। इसके अलावा 25 जुलाई 2025 को 'द फैंटास्टिक 4ः फर्स्ट स्टेप्स' और 31 जुलाई, 2026 को टॉम हॉलैंड की 'स्पाइडर-मैन' के बीच कोई और मार्वल फीचर फिल्म नहीं रिलीज होने वाली है।

'डूम्सडे' और 'सीक्रेट वॉर्स' मार्वल स्टूडियोज के लिए बड़े पैमाने पर निर्माण होनी वाली फिल्मों में से एक है। इसमें डॉक्टर डूम के रूप में रॉबर्ट डाउनी जूनियर नजर आएंगे। वहीं, फिल्म में 'थंडरबोल्ट्स', 'फैंटास्टिक 4ः फर्स्ट स्टेप्स' और यहां तक कि 'एक्स-मेन' फ्रैंचाइज के सुपरहीरोज की टीम भी शामिल होंगी। इस वक्त फिल्म का निर्माण तेजी से चल रहा है, जिसका दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है।

### टॉलीवुड

# मशहूर रैपर डाबजी दोस्तों के साथ गिरफ्तार, लगा है संगीन इल्जाम



जाने माने रैपर डाबजी और उनके तीन दोस्तों को शनिवार की सुबह केरल के मलप्पुरम से वित्तीय विवाद के चलते गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने ये जानकारी दी। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। डाबजी, जिनका मूल नाम मोहम्मद फाजिल है, को मलप्पुरम के कंजियूर निवासी बेसिल की शिकायत के आधार पर देर रात चंगारमकुलम पुलिस ने हिरासत में लिया।

पुलिस के मुताबिक, रैपर और दूसरे तीन आरोपी कथित तौर पर शिकायतकर्ता के घर में घुस गए और कुछ वित्तीय लेनदेन को लेकर वहां हंगामा किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपियों को जल्द ही हिरासत में ले लिया गया और शनिवार की सुबह प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि रैपर और तीन अन्य पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और बाद में उन्हें थाने से जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### भोजपुरी

# 400 से ज्यादा केस दर्ज होने पर नेहा ने कहा- ये एफआईआर मेरे लिए मेडल



भोजपुरी लोक गायिका नेहा सिंह राठौड़ इन दिनों चर्चा में बनी हुई हैं। सिंगर आय दिन सरकार और पीएम मोदी पर विवादित बयान देती नजर आती हैं जिसे लेकर उनपर 400 से ज्यादा मामले दर्ज हो चुके हैं। अपने ऊपर हुई इतनी एफआईआर पर अब नेहा सिंह राठौड़ ने रिएक्ट किया है और एक नया वीडियो जारी कर दिया है।

नेहा सिंह राठौड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने अपने ऊपर हुए 400 से ज्यादा मुकदमों को लेकर कहा है कि वो किसी से डरने वाली नहीं हैं। नेहा सिंह राठौड़ ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा है- 'जब खुद 400 पार नहीं कर पाये तो मेरे खिलाफ 400 शिकायतें दर्ज करवा दीं। सुनिए, कबीर मेरे गुरु हैं और मैं किसी सिकंदर लोदी से नहीं डरती।'

नेहा सिंह राठौड़ ने वीडियो में कहा- 'आप 400 क्या, 4 लाख एफआईआर करवा दीजिए मैं नहीं डरूंगी और ना सवाल पूछना बंद करूंगी। मेरे लिए एफआईआर लोकतंत्र की लड़ाई में मेडल की तरह है। आप बनारस 2014 में आए होंगे, मेरा जन्म बनारस में हुआ है और यहीं पली-बढ़ी हूं। ये कबीर की धरती है और कबीर मेरे गुरु हैं। बहुत जल्द पूरा बनारस सवाल करेगा तो क्या आप पूरे बनारस पर एफआईआर करवाएंगे?'

सिंगर ने एक और पोस्ट में लिखा- 'मेरे खिलाफ 400 से ज्यादा शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। कौन हैं ये 400 लोग? ये वही लोग हैं जिन्होंने सावित्रीबाई फुले के ऊपर कीचड़ फेंका था। सुकरात को जहर पिलाया था। ब्रूनो को जिंदा जलाया था। मीराबाई राठौर को जहर दिया था और सीताजी को अग्निपरीक्षा देने के लिए मजबूर किया था।'

## लाइफ स्टाइल

### प्रिंट की दुनिया



यह सही है कि प्रिंट्स वापस आ गए हैं और हम सभी इसके लिए हैं। मशहूर डिजाइनर पवन सचदेवा ने अपने कलेक्शन 'पीपल ऑफ टुमॉरो' के साथ लैक्मे फैशन वीक में प्रिंट को उभारने की पूरी कोशिश की। दर्शकों के लिए उनका यह कलेक्शन पैटर्न, थीम और प्रक्रियाओं के लिए प्यार को प्रदर्शित करता है।

# बालों का झड़ना एक महीने में रोक देगा ये हेयर मास्क, तरीका बिल्कुल आसान

यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जो बाल झड़ने की समस्या से परेशान हैं तो अब आपको घबराने की जरूरत नहीं है। यहां हम आपको बताएंगे कि आप कैसे सिर्फ हेयर मास्क की मदद से बालों का झड़ना रोक सकते हैं। इसके लिए आपको एक घरेलू हेयर मास्क की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए हेयर मास्क बनाने का सामान 1 मध्यम आकार का प्याज, 2 टेबलस्पून मेथी दाना, 1 टेबलस्पून नारियल तेल और 5-6 करी पत्ते चाहिए।

**विधिः** हेयर मास्क तैयार करने के लिए सबसे पहले तो एक दिन पहले ही मेथीदाना को पानी में भिगो दें, ताकि वो अच्छी तरह से फूल जाए। अगले दिन जब से फूल जाए तो इसे छान लें।

अब अगले दिन जब ये सही से फूल जाए तो मेथी दाने के साथ-साथ, कटे हुए प्याज और करी पत्ते को मिक्सी में डालें। सभी चीजों का गाढ़ा पेस्ट बना लें। इसमें आपको पानी नहीं डालना है। गाढ़ा पेस्ट बनाने के बाद इसमें थोड़ा सा नारियल का तेल डालें और पेस्ट को अच्छी तरह से मिक्स करें। अब ये हेयर मास्क तैयार है।

**ऐसे करें अप्लाई :** अब बारी आती है, इसे सही तरह से अप्लाई करने की। तो इसके लिए सबसे पहले अपने बालों को एक बार शैंपू से धो लें। गंदे बालों पर इसे अप्लाई करने का कोई लाभ नहीं मिलेगा। तो अब पहले बालों को धोकर सुखा लें और फिर इस मास्क को स्कैल्प से लेकर बालों के छोर तक पर अप्लाई करें।


जब ये सही से अप्लाई हो जाए तो हेयर कैप लगा लें, ताकि इसमें



गंदगी न चिपके। अब तकरीबन 40 मिनट इसे ऐसे ही रहने दें। 40 मिनट के बाद अपने बालों को धो लें। चाहें तो इस दौरान शैंपू का इस्तेमाल न करें। यदि शैंपू का इस्तेमाल करना ही है तो वो हल्का शैंपू ही हो।

**मिलेंगे ये फायदेः** अब जान लें कि इस मास्क को इस्तेमाल करके आपको क्या फायदे मिल सकते हैं। यदि आप हफ्ते में तीन बार इस हेयर मास्क का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपके बालों में धीरे-धीरे मजबूती आएगी और चमक बनी रहेगी। इसका सबसे बड़ा लाभ यही होता है।

# ऑफिस में लगना चाहती हैं बेस्ट तो, स्टाइल करें लेटेस्ट डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट




ऑफिस में न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए को-ऑर्ड सेट बेस्ट आउटफिट है और इसे आप कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट में आपका लुक बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा।

ऑफिस जाने के दौरान महिलाएं स्टाइलिश लुक चाहती हैं और ऐसा इसलिए क्योंकि ऑफिस में सभी लोग आपके लुक को जरूर नोटिस करते हैं। ये ही वजह है कि महिलाएं ऑफिस के लिए बेस्ट से बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं। वहीं अगर आप ऑफिस में बेस्ट लुक चाहती हैं साथ ही, स्टाइलिश भी नजर आना चाहती हैं तो, आप को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह आउटफिट ऑफिस में पहनने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक भी सुंदर नजर आएगा।

## लेटेस्ट डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट

ऑफिस में बेस्ट नजर आने के लिए आप हम आपको 3 लेटेस्ट डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट दिखा रहे हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट ऑफिस में पाने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।

## कॉलर डिजाइन को-ऑर्ड सेट



ऑफिस में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह के को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकते हैं। यह को-ऑर्ड कॉलर डिजाइन में है साथ ही, लॉन्ग स्लीव्स में आता है। इस तरह का को-ऑर्ड सेट आप किसी इवेंट या ऑफिस में किसी मीटिंग में शामिल होने के दौरान स्टाइल कर सकती हैं। इस कॉलर डिजाइन वाले ये को-ऑर्ड सेट आप कई सारे कलर ऑप्शन के साथ 1,500 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप फॉर्मल शूज साथ ही, इयरिंग्स इस आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं।

## स्लीवलेस को-ऑर्ड सेट

ऑफिस जाने के दौरान आप इस तरह का स्लीवलेस डिजाइन वाला को-ऑर्ड सेट वियर कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट स्लीवलेस है साथ ही, ये वेस्टकोट स्टाइल में है, इस तरह का को-ऑर्ड सेट आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करता है और इसे आप 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

# फेस शेप के अनुसार चुनें नोज पिन, मिलेगा परफेक्ट लुक

अगर आप नोज पिन को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाना चाहती हैं तो आपको हमेशा ही अपने फेस शेप के अनुसार इसे चुनना चाहिए।


## राउंड फेस शेप के लिए नोज पिन

राउंड फेस शेप में गाल भरे हुए होते हैं और चेहरे की लंबाई और चौड़ाई लगभग बराबर लगती है। ऐसे में आपको छोटी स्टड या डेलीकेट पिन्स को चुनना चाहिए, क्योंकि ये चेहरे को और गोल नहीं दिखने देतीं, बस हल्का सा चार्म जोड़ती हैं।

आप चाहें तो वर्टिकल डिज़ाइन्स, जैसे टीयरड्रॉप या लंबी फ्लोरल पिन्स को भी चुन सकती हैं। ये आपके चेहरे को थोड़ा स्लिम लुक देंगी। आपको बड़ी गोल स्टड या बहुत चौड़ी नोज़ रिंग्स पहनने से बचना चाहिए, क्योंकि ये आपका चेहरा और गोल दिखा सकती हैं।

## ओवल फेस शेप के लिए नोज पिन

ओवल फेस शेप एक बैलेंस्ड फेस शेप मानी जाती है। इस तरह के फेस पर ज्यादातर नोज़ पिन्स सूट करती हैं। आप हूप्स, रिंग्स,



स्टड्स या बोल्ड डिज़ाइन तक काफी कुछ ट्राई कर सकती हैं। अगर कुछ ड्रामेटिक चाहिए तो स्टोन या झुमके वाली नोज़ पिन्स पहनें। आप नोज पिन में सिंपल से लेकर स्टेटमेंट तक सब कुछ स्टाइल कर सकती हैं।

## हार्ट फेस शेप के लिए नोज पिन

इस तरह के चेहरे में माथा चौड़ा होता है, जबकि प्वॉइंटेड चिन और उभरे हुए गाल होते हैं। इस तरह के चेहरे के लिए छोटे व नाजुक स्टड्स जैसे टिनी डायमंड्स, मोती या फ्लोरल डिज़ाइन्स काफी अच्छे माने जाते हैं। ये आपके चेहरे को और भी खूबसूरत व बैलेंस्ड दिखाते हैं। आप चाहें तो छोटे-छोटे हूप्स भी पहन सकती हैं, लेकिन वे ज्यादा भारी ना हो।

# शादी के मौके पर बालों को न्यू लुक देनें अपनाएं हेयर एक्सेसरीज

बालों को न्यू लुक देने के लिए आप इस तरह की हेयर एक्सेसरीज ट्राई कर सकती हैं और इस तरह की एक्सेसरीज आपके लुक को स्टाइलिश और न्यू टच देने का काम करेगा।

## हेयर एक्सेसरीज करें ट्राई

आपको हेयर एक्सेसरीज दिखा रहे हैं। इस तरह की हेयर एक्सेसरीज आपके बालों को न्यू, स्टाइलिश और अट्रैक्टिव लुक देने का काम करेगी और इन हेयर एक्सेसरीज को आप अपने आउटफिट के हिसाब से ट्राई कर सकती हैं।

## आर्टिफिशियल फ्लावर

बालों को न्यू लुक देने के लिए आप इस तरह की आर्टिफिशियल फ्लावर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस आर्टिफिशियल फ्लावर में जहां फूल लगे हुए हैं साथ ही इसमें पर्ल वर्क भी किया हुआ है। इस तरह काआर्टिफिशियल फ्लावर आप बन हेयरस्टाइल बना सकती हैं। और ये हेयर स्टाइल आप सूट या साड़ी के साथ बनवा सकती हैं।

## फ्लोरल हेयर पिन



अगर आप अपने बालों को खुला करके स्टाइल कर रही हैं तो, आप फ्लोरल हेयर पिन लगा कर इन्हें न्यू लुक दे सकती हैं। इस तरह का हेयर पिन लगाकर ये हेयर स्टाइल आप लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं और इस हेयर एक्सेसरीज को लगाने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा।

## कार्नर न्यूज

### व्रत के दौरान 16 श्रृंगार करना हो तो इन टिप्स पर जरूर ध्यान दें

# वट सावित्रि व्रत की तैयारी में इनके बिना अधूरा है आपका सुहागिन लुक, पहले से रख लें अपने पास

इस साल 26 मई यानी कि सोमवार के दिन वट सावित्री का व्रत रखा जाएगा। ऐसे में विवाहित महिलाओं ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। इस व्रत में महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करके अपने पति की लंबी उम्र और तरक्की की कामना करती हैं। यदि आप भी वट सावित्री व्रत रखती हैं तो इस दिन खास तरह से तैयार अवश्य होती होंगी, क्योंकि इस पूजा में 16 श्रृंगार करने की परंपरा है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिनके बिना आपका 16 श्रृंगार भी अधूरा है। ये चीजें सुहाग की निशानी है, इसलिए किसी भी पूजा के समय इसे कैरी करना काफी अहम माना जाता है।

## मंगलसूत्र

सुहागिन महिलाओं के लिए मंगलसूत्र काफी खास होता है। इसे शादी वाले दिन दूल्हा उनके गले में पहनाता है। यदि आप वट सावित्री का व्रत रख रही हैं तो गले में मंगलसूत्र पहनना तो कतई न भूलें। ये सुहागिन महिलाओं की सबसे अहम निशानी है। पारंपरिक काले



मोतियों वाला मंगलसूत्र लुक को भी खूबसूरत बनाने का काम करता है।

## सिंदूर

मंगलसूत्र के साथ-साथ सिंदूर भी सुहागिन महिलाओं के लिए काफी अहम होता है सुहागिन महिलाएं चाहे कुछ भी भूल जाएं लेकिन मांग में सिंदूर लगाना नहीं भूलतीं। ये सुहागिन का सबसे प्रमुख चिन्ह माना जाता है। इसलिए तैयार होते वक्त इसका ध्यान रखें।

## हाथों में कांच की चूड़ियां

हाथों में खन-खन करती कांच की चूड़ी न सिर्फ आपके लुक को खूबसूरत बनाने का काम करेंगी, बल्कि इसे कैरी करने से आपका लुक



कंप्लीट भी होगा। कांच की चूड़ियां भी सुहागिन महिलाओं की निशानी होती है। यदि आपके पास आपकी शादी का चूड़ा रखा है, तो उसे ही कैरी करें।

## बिछिया

पैरों की उंगलियों में शादीशुदा महिलाएं बिछिया पहनती हैं। ये चांदी से बना गहना होता है जो देखने में काफी प्यारा लगता है। वट सावित्री व्रत के लिए तैयार हो रही हैं तो पैरों में बिछिया अवश्य पहनें। ये भी सुहाग की निशानी होती है।

## मेहंदी

बात जब 16 श्रृंगार की हो रही है और मेहंदी का जिक्र न हो,ये तो हो ही नहीं सकता। मेहंदी शादीशुदा महिलाओं का अहम श्रृंगार होती है। इसे आप पूजा के एक दिन पहले रात में लगाएं, ताकि अगले दिन जब आप सोकर उठें तो आपके हाथों की मेहंदी सबसे प्यारी और खूबसूरत दिखे। अपनी मेहंदी में अपने पति का नाम अवश्य लिखवाएं।